जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 | वर्षः 32 | संख्याः 55 | प्रभात | उदयपुर, शुक्रवार 27 दिसम्बर, 2024 | आर.जे. 7202 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

## सी.डब्ल्यु.सी. की बेलगावी बैठक में कुछ ठोस नहीं हुआ: बैठक केवल प्रतीकात्मक ही रही!

### तीन घंटे की बैठक में कांग्रेस ने संविधान, अंबेडकर का अपमान, जातिगत जनगणना के बारे में अपनी चिर-परिचित सोच को दोहराया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर। कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यु.सी.) की बहु-प्रचारित मीटिंग, जो कर्नाटक के बेलगावी में हुई, वास्तविक से कहीं ज्यादा, प्रतीकात्मक थी।

मीटिंग में उस ऐतिहासिक दिन को बड़ी श्रद्धा के साथ याद किया, जब, भारत लौटने के बाद, महात्मा गांधी आज से 100 वर्ष पहले 26 दिसम्बर को कांग्रेस के अध्यक्ष बनाये गये थे। कांग्रेस ने नरेन्द्र मोदी की राजनीति के विरुद्ध अपने रुख तथा सोच, चाहे वह संविधान के बारे में हो, भीमराव अम्बेडकर के बारे में हो या विदेश नीति के बारे में हो, को दोहराया। मीटिंग में इस बिन्दु विचार हुआ कि जातीय जनगणना कराये जाने, तथा दलितों, पिछड़ों तथा अन्य वर्गों के लिये आरक्षण बढ़ाने के लिये संघर्ष को किस तरह आगे बढ़ाया जायेगा। लेकिन संगठन के बारे में न के बराबर ही चर्चा हुई। खड़गे ने यह जरुर कहा कि पूरे संगठन का ढाँचा बदला जायेगा तथा सुधार किया जायेगा, खाली पद भरे जायेंगे तथा सभी वर्गों को समुचित स्थान दिया जायेगा। उन्होंने, कुल मिलाकर, संगठन को पटरी पर लाने की जरुरत बताई।

- कांग्रेसाध्यक्ष ने यह जरूर कहा था बैठक के पहले कि संगठन में आमूल परिवर्तन पुनर्गठन होगा। रिक्त पद भरे जायेंगे तथा सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलेगा।
- उदयपुर में भी संगठन के बारे में ऐसे कई निर्णय लिये गये थे, कोई सा भी निर्णय क्रियान्वित नहीं हुआ है।
- तीन घंटे की बैठक में इस बात पर कुछ भी मंथन नहीं हुआ कि आखिर पार्टी की हालत इतनी गड़बड़ क्यों है तथा पार्टी अब चुनाव जीतने की कला कैसे भूल गई है।
- तथा राहुल गांधी उस सही आदमी को क्यों नहीं ढूंढ पाये, जो संगठन के छोटे-मोटे सभी निर्णय ले सके तथा पार्टी का चार्ज संभाल ले।
- एक वरिष्ठ पार्टी नेता ने बैठक के बाद टिप्पणी की कि केवल मोदी की आलोचना करने से कुछ होने वाला नहीं है। फोकस पार्टी पर होना चाहिए तथा चुनाव जीतने पर होना चाहिए।

उदयपुर में भी, संगठन के सम्बंध में बहुत से निर्णय लिये गये थे, लेकिन अब तक उनमें से किसी पर भी अमल नहीं हुआ है। तीन घंटे की इस प्रतीकात्मक मीटिंग में इन बिन्दुओं पर कोई गहन चर्चा नहीं हुई कि कांग्रेस की असली बीमारी क्या है, अब यह चुनाव जीतने वाली पार्टी क्यों नहीं रही है तथा राहुल संगठन का सही माइक्रोमैनेजमेंट तलाशने में असमर्थ क्यों रहे हैं।

सोनिया गांधी सी.डब्ल्यू.सी. में उपस्थित नहीं हुई थीं, लेकिन उन्होंने सदस्यों के लिये एक संदेश भेजा था।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते रहने से कांग्रेस को चुनाव जीतने में कोई मदद नहीं मिलनी है।

पार्टी, तथा चुनाव जीतने पर फोकस जरुरी है।

सी.डब्ल्यू.सी. के प्रस्ताव में राहुल गांधी द्वारा प्रायः दोहराये जाने वाले उनके प्रिय बिन्दु ही थे, जिन्हें वे हर अवसर पर दोहराते रहते हैं।

राहुल गांधी ने अपने भाषण में

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## डॉ.मनमोहन सिंह का निधन

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। गुरुवार शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उन्हें आठ बजे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के इमरजेंसी वॉर्ड में भर्ती कराया गया, रात 9:51 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

- शाम को अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें एम्स में भर्ती कराया था। दो घंटे बाद उनका देहान्त हो गया।

मनमोहन सिंह लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्यों का सामना कर रहे थे। इससे पहले भी उन्हें कई बार स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है।

इस खबर के बाद कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्युसी) की मीटिंग रद्द कर दी गई है। साथ ही 27 दिसंबर को होने वाले सभी प्रोग्राम भी कैंसिल कर दिए

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## आर.एस.एस. के मुख पत्र ने मोहन भागवत की टिप्पणी की आलोचना की

### भागवत ने कहा था कि राम मंदिर बनने के बाद कई नेता यह मानने लगे हैं कि कई जगहों पर ऐसे मंदिर-मस्ज़िद विवाद उठाकर वे हिंदुओं के नेता बन जाएंगे, जो गलत है

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर। एक के बाद एक मंदिर-मस्जिद विवादों के उठाए जाने पर मोहन भागवत की आलोचनापूर्ण टिप्पणियों को लेकर हिन्दू संतों द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त किये जाने के बाद, आर.एस.एस. के मुख पत्र, ऑर्गनाइज़र ने भी प्रतिकूल रुख अपनाते हुये कहा है कि "विवादित स्थलों तथा इमारतों का वास्तविक इतिहास जानना सभ्यता संबंधी न्याय के लिए महत्वपूर्ण है।"

पुणे के एक समारोह में भागवत ने कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद, कुछ लोग इस विचार से प्रेरित प्रतीत हो रहे हैं कि वे इस प्रकार के विवाद खड़े करके हिन्दुओं के नेताओं के रूप में उभर सकते हैं।

हिन्दू संतों के एक संगठन, अखिल भारतीय संत समिति ने भागवत की आलोचना की तथा कहा कि सबसे अच्छी बात यह होगी कि इस प्रकार के मामलों का निर्णय आर.एस.एस. नहीं करे तथा यह काम धार्मिक नेताओं के लिये छोड़ दिया जाये। समिति के महासचिव, स्वामी जितेन्द्रानन्द सरस्वती ने कहा था, "जब धर्म का विषय उठता है, तो उसका निर्णय करना धार्मिक गुरुओं का काम है और वे जो भी निर्णय लेंगे, वह संघ और वी.एच.पी. (विश्व हिन्दू परिषद) को स्वीकार होगा।"

- मुख पत्र ऑब्ज़र्वर की राय इसके विपरीत है, उसने कहा कि किसी भी हिंदू/मुस्लिम स्थल का इतिहास जानना जरुरी है, जिससे सांस्कृतिक न्याय मिल सके। इसी से दोनों समुदायों के बीच स्थाई शांति व सद्भाव बना रहेगा।
- साथ ही यह भी कहा है कि "अण्डरस्टैंडिंग ऑफ द ट्रुथ" आवश्यक है। यह जानना जरुरी है कि विदेशी आक्रमण के बाद धार्मिक स्थल किस तरह से नष्ट हुए।

"ऑर्गनाइज़र" के ताजा अंक की कवर स्टोरी में यही बात कही गई है, हालाँकि, ऑर्गनाइज़र ने भागवत के नाम का उल्लेख नहीं किया है। संपादकीय में यह तर्क दिया गया है कि संभल की शाही जामा मस्जिद के स्थान पर मंदिर था। ऑर्गनाइज़र में प्रकाशित लेख कहता है, "जिन धार्मिक स्थलों पर अतीत में हमला हुआ या ध्वस्त कर दिया गया, उनसे संबंधित सच को समझना महत्वपूर्ण है।"

ये सारी घटनाएं एवं चर्चा ऐसे समय पर हो रही हैं, जब अदालतों में ऐसी अनेक याचिकाएं दायर हो चुकी हैं, जिनमें संभल की शाही जामा मस्जिद से लेकर अजमेर के दरगाह तक, देश के विभिन्न भागों में स्थित मुस्लिम मस्जिदों तथा मक़बरों के सर्वे की माँग की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने नये मंदिर-मस्जिद मुकदमों को फिलहाल रोक देने के आदेश जारी कर दिये हैं।

लेकिन ऑर्गनाइज़र ने दलील दी है कि इतिहास की सच्ची समझ सभ्यता-संबंधी न्याय (सिविलाइज़ेशनल जस्टिस) प्राप्त करने तथा सभी समुदायों के बीच शान्ति और सामंजस्य को बढ़ाने के लिये अत्यावश्यक है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## युवा दलित नेता हो सकता है भाजपा का अगला अध्यक्ष?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर। भारतीय जनता पार्टी विपक्ष का सामना करने के लिये पार्टी अध्यक्ष पद के लिये किसी दलित युवा नेता का चयन कर सकती है।

- चर्चा है कि अंबेडकर के मुद्दे पर भाजपा को दलित विरोधी करार देने के कांग्रेस के प्रचार को मात देने के लिए भाजपा यह कदम उठाने पर विचार कर रही है।

बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के निवास पर एन.डी.ए. नेताओं की मीटिंग हुई तथा शाह द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर के अपमान के कांग्रेस के आरोपों की आलोचना की और कहा कि कांग्रेस जनता का ध्यान खींचने के लिए यह सब कर रही है।

## 15 लाख रूपए सालाना आय पर आयकर में कटौती हो सकती है?

### रॉयटर्स ने बताया कि भारत सरकार आगामी बजट में मध्यम वर्ग को राहत देने के उपायों पर विचार कर रही है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर। कहा जा रहा है कि सरकार सालाना 15 लाख रूपए कमाने वालों के लिए आयकर में कटौती करने जा रही है। इससे लाखों शहरी करदाताओं को लाभ हो सकता है। रॉयटर्स ने सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा कि वर्ष 2025-26 के केन्द्रीय बजट में मध्यम वर्ग को राहत देने और खर्च करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए सरकार कई उपाय घोषित कर सकती है।

इस प्रस्ताव से करदाता को 2020 की कर प्रणाली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है, जिसमें मकान किराए जैसी छूट समाप्त कर दी गई है, पर इसमें आयकर की दरें कम हैं। इस प्रणाली के तहत 3 से 15 लाख रूपए के बीच की आय पर 5 से 20 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है तथा 15 लाख रूपए से ऊपर की आय पर 30 प्रतिशत टैक्स का प्रावधान है। विशेष रूप से नए टैक्स सिस्टम में 3 लाख रूपए की आय पर 0 प्रतिशत, 3 से 7 लाख रूपए की आय पर 5 प्रतिशत,

- भारत में अभी इन्कम टैक्स की दो व्यवस्थाएं प्रचलित हैं, पुरानी में मकान किराया और बीमा पर टैक्स राहत दी जाती है, पर नई व्यवस्था में 3 से 15 लाख रूपए सालाना आय पर 5 से 20 प्रतिशत टैक्स का प्रावधान है।
- नई प्रणाली में तीन से सात लाख रूपए सालाना आय पर 5 प्रतिशत, 7 से 10 लाख रूपए पर 10 प्रतिशत, 10 से 12 लाख रूपए पर 15 प्रतिशत और 12 से 15 लाख रूपए सालाना आय पर 20 प्रतिशत तथा 15 लाख से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स का प्रावधान है।
- सरकार 15 लाख रूपए तक की आय पर इनकम टैक्स घटा कर मध्यम वर्ग को नई टैक्स प्रणाली की ओर आकर्षित करना चाहती है। अभी यह तय नहीं है कि कितनी कटौती होगी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## गत वर्ष में तीन सर्वोच्च स्तर के सेना अधिकारी बर्खास्त किये गये हैं चीन में

### इन बर्खास्तगियों का कारण औपचारिक रूप से भ्रष्टाचार बताया जाता है, पर, वास्तविक कारण है, राष्ट्रपति ज़ी को किसी भी तरह से चुनौती देने वाले सैन्य संगठन में कभी पनप ही नहीं पायें

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर। चीन अपने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के ढांचे में व्यापक बदलाव कर रहा है। एक प्रमुख न्यूज़ एजेंसी ब्लूमबर्ग के अनुसार, मिलिटरी हायरार्की (सैन्य पदानुक्रम) के उच्च स्तर पर लोगों को बर्खास्त किया जा रहा है। समाचार एजेंसी ने इसे मुख्य रुप से भ्रष्टाचार और अधिकारियों द्वारा धन कमाने के खिलाफ की गई कार्यवाही कहा है।

तथापि, जिस तरह से मुख्य अधिकारियों को निकाला जा रहा है, उसमें राजनीतिक एंगल नज़र आता है।

- लगातार, सेना के कमाण्ड स्ट्रक्चर में परिवर्तन करके, नेतृत्व की दृष्टि से राष्टपति ज़ी, किसी समान्तर, "पावर सैन्टर" (सत्ता के केन्द्र) को उगने ही नहीं देते।
- पर, "कमाण्ड स्ट्रक्चर" में लगातार ही अधरझूल की स्थिति बने रहने के दुष्प्रभाव भी हैं। छोटे से देश वियतनाम के समक्ष युद्ध में चीन को घुटने टेकने पड़े थे।
- पर, यह भी सच है कि विश्व की सबसे विशाल चीन की सेना, जिसमें दो करोड़ सैनिक हैं, के लिये साज, सामान, इमारतों का निर्माण लगातार द्रुत गति से हरदम चलता है। दोनों मदों में भारी धन राशि खर्च होती है। अतः भ्रष्टाचार का भी पूरा "स्कोप" बना रहता है।

कम्युनिस्ट पार्टी जनरल सैक्रेटरी और चीन के राष्ट्रपति, शी जिनपिंग लगातार अपनी सुप्रीम पावर प्रमाणित करना और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि देश में कोई समानान्तर "पावर सैंटर" (सत्ता का केन्द्र) नहीं हो।

सैंट्रल मिलिटरी कमिशन, जो चीन के सैन्य मामलों में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है, में अब, अध्यक्ष शी जिनपिंग के अलावा केवल दो ही सदस्य हैं। रक्षा मंत्री तथा कमिशन के अन्य सदस्यों सहित, छः अधिकारियों को पिछले कुछ सालों में हटा दिया गया है।

लगातार हो रहे बदलाव तथा उच्च

(शेष पृष्ठ 3 पर)

राजस्थान सरकार

अपील

प्रिय नागरिकों,

हमारे राज्य में सड़क दुर्घटनाओं और इनसे होने वाली मौतें हम सभी के लिए एक गहरी चिंता का विषय हैं। ये दु:खद घटनाएं हमारे समाज के कई घरों में अंधकार ला देती हैं—किसी मां से उसका बेटा छीन लेती हैं, किसी बच्चे को अनाथ बना देती हैं। इस पीड़ा को समझते हुए, मैं आपसे संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ अपील कर रहा हूँ।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और पीड़ितों की जीवन रक्षा के लिए हमने 6E रणनीति (एजुकेशन, इंजीनियरिंग, इन्फोर्समेंट, इमरजेंसी केयर, इवैल्यूएशन और एंगेजमेंट) को अपनाते हुए समन्वित प्रयास करने का निर्णय लिया है लेकिन यह प्रयास तभी सफल हो सकता है, जब आप सभी का सहयोग और समर्थन हमारे साथ हो। आइए, हम मिलकर इस गंभीर चुनौती का सामना करें और अपने परिवार एवं समाज को सुरक्षित रखें।

आपकी सुरक्षा के लिए यह कदम उठाएं:

1. सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें: हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें। यह एक छोटा कदम है, लेकिन आपके और आपके परिवार की सुरक्षा के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है।
2. ट्रैफिक नियमों की जानकारी लें: सड़क सुरक्षा की शिक्षा हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य है। अपने बच्चों को भी इन नियमों के प्रति जागरूक बनाएं।
3. रात्रि वाहन चालन में सावधानी बरतें: हाई बीम लाइट का उपयोग न करें और शराब पीकर वाहन चलाने से बचें। अपने प्रियजनों के बारे में सोचें और सुनिश्चित करें कि आप सुरक्षित अपने घर लौट सकें।
4. दुर्घटना की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया दें: तुरंत आपातकालीन सेवाओं को सूचित करें और घायलों की सहायता करें। हर जीवन मूल्यवान है और आपकी त्वरित मदद किसी की जान बचा सकती है।

आप सभी से आग्रह है कि अपने समुदाय और स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लें।

आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि अपने राज्य को सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त बनाएंगे। आपका सुरक्षित जीवन हमारे लिए सर्वोपरि है।

धन्यवाद।

भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान



राजस्थान संवाद

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जनहित में प्रसारित

## विचार बिन्दु

आत्मा ही अपना स्वर्ग और नरक है। –उमर खैयाम

# सांसदों को सदन में बोलने की पूर्ण आजादी है, उन्हें उन्मुक्ति ( Immunity ) व विशेषाधिकार ( Privileges ) प्राप्त है

भारत की संसद राष्ट्रपति तथा राज्य सभा व लोकसभा से मिलकर बनी है। इनमें जो केवल लोकसभा का ही विघटन हो सकता है। राज्यसभा एक शाश्वत सभा है। इसके अतिरिक्त यह अनिवार्य है कि सदैव राष्ट्रपति तथा ऐसा व्यक्ति हो जो राष्ट्रपति के कार्यों का निर्वहन करे। राष्ट्रपति ही दोनों सदनों की बैठक आहूत करते हैं।

संसद लोकतंत्र का मंदिर है। यह लोकसभा यानी लोक सदन है। सांसदों का निर्वाचन जनता प्रत्यक्ष रूप से करती है। कोई व्यक्ति लोकसभा के लिये चुने जाने का तभी पात्र होगा जब वह भारत का नागरिक हो। लोकसभा का अध्यक्ष होता है। इस पद आसीन अधिकारी को स्पीकर भी कहते हैं। यह पद प्रतिष्ठा, प्रताप और आधिकार वाला होता है। अध्यक्ष का दायित्व है कि वह सदन की कार्यवाही का सहज व सुव्यवस्थित ढंग से संचालन करे। सदन के अन्दर तथा सदन से संबंधित सभी मामलों में अध्यक्ष का कथन सबके लिये मान्य होता है। सदन अपनी प्रक्रिया का सर्वाधिकारी होता है। संविधान के अनुच्छेद 118 के अनुसार सदन अपनी प्रक्रिया के तथा कार्य संचालन के लिये नियम बना सकता है। यों अध्यक्ष का पद साधारणत: हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष के समान होता है।

संसद की किसी कार्यवाही की वैधता को किसी अभिकथित अनियमितता के आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती और संसद का कोई अधिकारी या संसद सदस्य में प्रक्रिया विनियमन अथवा कार्य संचालन के मामलें किसी शक्ति के प्रयोग के लिये न्यायालय की अधिकारिता के अधीन नहीं है। संविधान का अनुच्छेद 122 इस बाबत स्पष्ट निर्देश देता है कि न्यायालयों द्वारा संसद की कार्यवाहियों की जांच नहीं की जावेगी।

संविधान के अनुच्छेद 105 में संसद के दोनों सदनों उनके सदस्यों तथा उनकी समितियों के अधिकारों व विशेष अधिकारों आदि के बाबत प्रावधान दिये गये हैं। विशेषाधिकार ऐसा अधिकार है जिसके बिना सांसद अपने कृत्य का निर्वाहन नहीं कर सकते जिसकी उनके अपेक्षा की जाती है। यों सांसदों को भी वे सब अधिकार तो हैं ही जो सामान्य नागरिक को हैं, किन्तु जब वे संसद में अपने कर्त्तव्य का पालन करते हैं तो उन्हें विशेषाधिकार प्राप्त होते हैं। इनका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 105 में किया गया है। इस विशेषाधिकार में संसद में बोलने की आजादी। उन्हें अपनी कही हुई बात के लिये न्यायिक कार्यवाही से उन्मुक्ति है। उन्हें संविधान के उपबन्धों और संसद की प्रक्रिया का विनियमन करने वाले नियमों तथा स्थायी आदेशों के रहते हुये संसद में बोलने की आजादी है। सांसदों को वे अधिकार प्राप्त हैं जो 26.01.1950 को ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स को प्राप्त थे।

इन प्रावधानों को जो विशेषाधिकार से सम्बन्ध रखते हैं, हम इस प्रकार समझ सकते हैं कि यदि कोई साधारण व्यक्ति कुछ अपमानजनक बात करता है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है, किन्तु संसद सदस्य जब सदन में बोलता है तो उसे अन्मुक्ति प्राप्त है। उसके विरूद्ध इस आधार पर कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती कि उसका भाषण अपमानजनक या मानहानिकारक था। सदस्य द्वारा संसद में कही गई बात के लिये उसकी आलोचना करना या उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करना भी विशेषाधिकार का उल्लंघन है।

माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपने 1958 के निर्णय दिनांक 12.12.1998 में जो एम एस एम शर्मा बनाम श्री कृष्ण सिन्हा के केस में दिया है (1959 AIR 395) साधारण नागरिक की अभिव्यक्ति के अधिकार तथा सांसद के विशेषाधिकार में भेद किया है। यह केस सर्चलाईट केस के नाम से प्रसिद्ध है। पटना से प्रकाशित अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र 'सर्च लाईट' के सम्पादक को बिहार विधान सभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष कारण बताने के लिये कहा गया था कि उनके खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष और विधानसभा के विशेषाधिकार के हनन के लिये कार्यवाही क्यों न की जावे? (सांसदों पर अनुच्छेद 105 व विधायकों पर अनुच्छेद 194(3) लागू होता है)

लेखक का मत है कि जहां तक विशेषाधिकार के मामलों का संबंध है, सर्चलाईट के केस का निर्णय आज भी अन्तिम निर्णय है।

गत सदन का शीतकालीन सत्र बहुत ही हंगामेदार रहा। पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर जमकर हल्ला बोला। सदन की मर्यादा और वाणी की विनम्रता को ताक में रख दिया। हंगामे से प्रारम्भ हुआ सत्र हंगामें के साथ ही खत्म हो गया। दिनांक 25 नवम्बर को अदाणी मामले में चर्चा की मांग पर हंगामा हुआ और इसी हंगामें से सत्र प्रारम्भ हुआ। हंगामे में ही बाबा साहेब आम्बेड़कर के मान-अपमान में ही सत्र की समाप्ति हुई। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्र के समापन पर कहा कि संसद की गरिमा और मर्यादा बनाये रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। संसद के किसी भी द्वार पर धरना-प्रदर्शन करना उचित नहीं है। यदि इसका उल्लंघन होता है तो संसद को अपनी मर्यादा और गरिमा बनाये रखने के लिये जरूरी कार्यवाही करने का अधिकार है। अध्यक्ष जी के इस बयान से यह स्पष्ट होता है कि संसद की मर्यादा और गरिमा बनाये रखने के लिये, मर्यादा भंग करने और गरिमा नष्ट करने वाले सांसदों के विरूद्ध कार्यवाही कर उन्हें दण्डित करने का अधिकार अध्यक्ष को अर्थात् सदन को प्राप्त है।

सदन के इतिहास में शायद इतना हंगामा कभी नहीं देखा गया। लोगों ने सदन की गरिमा को तारतार होते टीवी पर देखा। घटनायें तो बहुत हैं, किन्तु यहां दो घटनाओं का उल्लेख विशेषरूप से किया गया है। एक घटना गृहमंत्री अमित शाह के कथन को लेकर है, जिसके द्वारा बाबा साहिब आम्बेड़कर का उन्होंने अपमान किया है, ऐसा आरोप कांग्रेस से लगाया है। दूसरी घटना है उसमें आरोप है कि विपक्ष के लीडर राहुल गांधी ने संसद सदस्यों के साथ धक्का-मुक्की की। एक ओर भाजपा सांसदों ने अनुराग ठाकुर की अगुवाई में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से माफी की मांग पर प्रदर्शन किया तो दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में विपक्ष ने अमित शाह गृहमंत्री से इस्तीफे व माफी की मांग की और प्रदर्शन किया।

**लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्र के समापन पर कहा कि संसद की गरिमा और मर्यादा बनाये रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। संसद के किसी भी द्वार पर धरना-प्रदर्शन करना उचित नहीं है। यदि इसका उल्लंघन होता है तो संसद को अपनी मर्यादा और गरिमा बनाये रखने के लिये जरूरी कार्यवाही करने का अधिकार है।**

संसद परिसर में धक्का-मुक्की की घटना हुई। आरोप है कि राहुल गांधी ने भाजपा के सांसद मुकेश राजपूत व प्रताप सारंगी को धक्का दिया, उन्हें चोटें आईं और सांसद को धमकी दी। इसकी एफआईआर दर्ज कराई गई है। कांग्रेस ने भी भाजपा के सदस्यों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। देश में जगह जगह कांग्रेस ने इनके विरूद्ध प्रदर्शन किये।

यह माना जा रहा है कि हंगामों के कारण पूरे सत्र में राजसभा का 40.03 प्रतिशत व लोकसभा का 57.08 प्रतिशत ही उत्पकता रही। विधायी कामकाज बहुत कम हुआ। राज्यसभा के अध्यक्ष श्री जगदीप धनकड ने कहा कि यह कटु सत्य परेशान करने वाला है कि सत्र में काम काज बहुत कम हुआ। निरन्तर व्यवधान जनता के भरोसे को घटा रहा है।

संविधान ने लोकसभा ने अध्यक्ष को विशेषाधिकार के हनन पर कार्यवाही करने का अधिकार दिया है। संविधान के अनुच्छेद 105 में यह व्यवस्था है कि संसद में या उसकी समिति में संसद के किसी सदस्य द्वारा की गई किसी बात या प्रकाशन के संबंध में उसके विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी। संसद सदस्य को विशेषाधिकार प्राप्त हैं। उन्हें वे सब अधिकार प्राप्त होंगे जो समय समय पर विधि द्वारा परिनिश्चित किये गये हैं और तब तक यह नहीं होता, वही होगा जो संविधान (44वां संशोधन) अधिनियम, 1978 की धारा 15 के प्रवृत्त होने से ठीक पहले उस सदन को था।

वस्तुत: सांसदों के लिये विशेषाधिकार का मुद्दा इंग्लैण्ड से प्रारम्भ हुआ ताकि सांसदों को बादशाह द्वारा उत्पीडित होने से बचाया जा सके। भारत में भी स्थिति यही है। किसी सांसद को उत्पीडित करना अथवा उसके द्वारा संसद में या किसी बात के लिये उसके विरूद्ध कोई कदम उठाना संसदीय विशेषाधिकार का हनन माना गया है। सर्च लाईट के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया है कि अनुच्छेद 105 के अधीन सदस्यों को बोलने की आजादी दी है। उनके विरूद्ध कोर्ट में कोई कार्यवाही नहीं होगी। अपने संसदीय कर्त्तव्यों की पालना में सदस्यों द्वारा कही गई बात की जांच-पडताल को सदस्यों के अधिकार में गम्भीर हस्तक्षेप माना जावेगा। सदस्य के सभा (सदन) में दिये गये भाषण से न्यायालय की अवमानना भी हो तो भी न्यायालय में कोई कार्यवाही नहीं होगी। अनुच्छेद 122 न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को प्रतिबंधित करता है।

दिनांक 30.05.1997 को बिहार विधानसभा में बहस हो रही थी, उस समय एक बुजुर्ग सदस्य एम पी एन सिंह ने भाषण दिया। उसने मुख्यमंत्री एस के सिन्हा की शासन की कटु आलोचना की। अध्यक्ष ने आपत्तिजनक अंश को निकालने का आदेश दिया। इस प्रकरण के औचित्य की जांच के हेतु विशेषाधिकार समिति को यह मामला भेजा गया। समिति ने कार्यवाही को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के विरूद्ध माना और अनुच्छेद 21 के तहत भी अवैध माना है। प्रतिवादी ने अनुच्छेद 194(3) का सहारा लिया (यह प्रावधान विधायकों पर लागू है और अनुच्छेद 105 के समान है जो सांसदों पर लागू)। हटाया गया भाग प्रकाशन का अधिकृत भाग नहीं बना था। अत: यह विधानसभा के विशेषाधिकार का उल्लंघन था।

हमारे सामने सदन की कार्यवाही के सन्दर्भ में दो घटनायें प्रमुख हैं। एक घटना संविधान निर्माता डा. बाबा साहेब आम्बेड़कर पर केन्द्र के गृहमंत्री अमितशाह के सदन में दिये बयान के विषय पर है कि उन्होंने आम्बेड़कर का अपमान किया है और कांग्रेस की मांग है कि वे माफी मांगे तथा इस्तीफा दें। यह विवाद निश्चित रूप से संविधान के अनुच्छेद 105 से सम्बन्ध रखता है और विशेषाधिकार का है। यहां भी स्थिति साफ नहीं है कि गृहमंत्री ने जो बाबा साहेब आम्बेड़कर के सम्बन्ध में कहा वह वास्तव में अपमानकारक था या उन्होंने यह कहा था कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया है, उन्हें इस्तीफा देने को विवश किया, उन्हें भारत रत्न नहीं दिया तथा उन्हें चुनाव में हराया। किसी ने 15 सेकण्ड की फिल्म सोशल मीडिया पर लोड की है। यह आरोप है कि जो कुछ डा. आम्बेड़कर के लिये कहा है वह अशोभनीय व अपमानजनक है, जबकि भाजपा का कथन है वह भाषण के विषय से भिन्न है। कुछ भी हो, गृहमंत्री अमित शाह ने जो भी कहा उसके लिये उन्हें विशेषाधिकार अनुच्छेद 105 के तहत प्राप्त है और इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकती। इस प्रकरण को विशेषाधिकार समिति को भेजा जाना चाहिये और संसद अध्यक्ष जी ही इस संबंध में अनुच्छेद 105 की प्रक्रिया के अनुसार निर्णय करें। अन्य किसी संस्था अथवा व्यक्ति को कोई एक्शन लेने का अधिकार नहीं है और वे सब सर्च लाईट केस की नजीर की रोशनी में, यह केस अनुच्छेद 105 के तहत् विशेषाधिकार हनन माना जा सकता है।

जहां तक धक्का-मुक्की वाला मामला है, यह संसद की कार्यवाही के दौरान नहीं हुआ है। दिल्ली पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। केमरे के फुटेज की मांग दिल्ली पुलिस ने संसद अध्यक्ष जी से की है। गवाहों के बयान लिये जा रहे हैं। केस की जांच कानुनानुसार की जा रही है। यहां तक कि राहुलजी को भी सीन क्रियेट करने हेतु बुलाया है। चूंकि पुलिस जांच कर रही है, कोर्ट का मामला है अत: गुण दोष पर कुछ भी कहना उचित नहीं है। हाँ, इस पर भी विचार होना चाहिये कि क्या यह प्रसंग भी विशेषाधिकार का हो सकता है? श्रमिक व मालिक के सम्बन्ध के केस मिलते हैं जहां घर से डयूटी पर जाने के समय यदि एक्सीडेण्ट होता है तो श्रमिक को ऑन डयूटी माना जाता है। कहा जाता है राहुल जी संसद में भाग लेने गये थे और संसद के प्रांगण में घटना घटित हुई। यहां लिखना उचित होगा कि कांग्रेस व भाजपा दोनों ही ने एफआईआर दर्ज कराई हैं और घटना के विषय को कोर्ट के अधिकार क्षेत्र का माना है। अत: कोर्ट में कार्यवाही होगी।

संविधान की जय हो, जय हो, जय हो!

-अतिथि सम्पादक,
पानाचन्द जैन
पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट

# राजस्थान: स्कूली शिक्षा में लड़खड़ाती अंग्रेजी



राजेन्द्र जोशी

सरकार किसी भी दल की हो वह आमजन के कल्याण के लिए कार्य योजनाएँ बनाती है, उसे लागू करती हैव उसके पीछे भावना यही रहती होगी की प्रदेश की जनता को इस योजना का भरपूर लाभ मिलेगा। परंतु सरकार में बैठे हुए नौकरशाह और सरकार चलाने वाले शहंशाह यह नहीं देखते कि किसी भी योजना को प्रारंभ करने से पहले उस पर प्लानिंग की जानी चाहिए, जब प्लानिंग पूरी हो जाए, व्यवस्थित योजना बन जाए, उसके बाद ही क्रियान्वयन होना चाहिए। व्यक्ति और देश-प्रदेश के भविष्य के लिए शिक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है। अच्छी शिक्षा ही विकसित राष्ट्र बनाती है। संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षा वह दूध है जो जितना ज्यादा पीएगा उतना ज्यादा दहाड़ेगा।

राजस्थान की बात करें तो शिक्षा विभाग पिछले अनेक वर्षो से प्रयोगशाला बनकर रह गया है। कई बार तो ऐसा लगता है कि राजस्थान में शिक्षा व्यवस्था केवल नौकरशाहों के भरोसे काम कर रही है। शिक्षा में शिक्षाविदों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक होती है, राजस्थान में शिक्षाविदों को शिक्षा विभाग ने शायद पूछना उचित नहीं समझा। इसलिए यहां शिक्षा विभाग की प्रत्येक योजना धराशायी हो जाती है। पिछली राजस्थान सरकार ने महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूले खोली, भावना यही थी कि राजस्थान के बच्चे अंठोजी विषय में कमजोर रहते हैं, उन्हें अंग्रेजी विषय पढ़ाकर राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बराबरी पर लाया जाए। परंतु आधी-अधूरी योजना के तहत खोली गई स्कूलें आज अध्यापकों की बाट जो रही है। कहीं समझदार अभिभावक अपने बच्चों को भरती करने के बाद वापस निकाल रहे हैं, तो कहीं-कहीं पर इन स्कूलों में अभिभावक बच्चों को भर्ती करने से किनारा कर रहे है।

जब से अंधाधुंध महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलें खोलने की घोषणाएं की गई। घोषणा मात्र से ही इंग्लिश मीडियम स्कूलों में अच्छी खासी चल रही सामान्य स्कूलें परिवर्तित हो गई। जब से यह इंग्लिश मीडियम स्कूलें खुली इनमें हिन्दी वाले अध्यापकों को लगा दिया गया। और इन स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षक ही उपलब्ध नहीं हो पाए। उचित यह होता कि महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रारंभ करने से पहले अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों का पैनल तैयार किया जाता। उस पैनल में से शिक्षकों का साक्षात्कार लिया जाता, जब समुचित मात्रा में अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षक उपलब्ध हो जाते तो उपलब्ध शिक्षकों की संख्या के अनुसार ही स्कूले खोली जाती।

पिछली सरकार ने बगैर सोच-विचार के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूले में खोल दी। आधी-अधूरी कार्य योजना के कारण अब स्थिति भयावह हो गई। वर्तमान सरकार भी इन स्कूलों से प्यार नहीं कर रही, स्कूलों से प्यार नहीं करने का मतलब है कि उन स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थी और अभिभावक भविष्य को लेकर चिंतित है। वर्तमान समय में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में अध्ययनरत छात्र ना हिन्दी पढ़ रहे हैं और ना ही अंग्रेजी। स्कूल बेग भी नहीं खुलता।

3737 स्कूलों को इंग्लिश मीडियम में रूपांतरित किया गया था, आज स्थिति यह है कि अगस्त माह में अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षकों का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें 79 हजार से अधिक शिक्षकों ने आवेदन किया। संभवत यह 79 हजार शिक्षक अंग्रेजी पढ़ाने में परिपक्व होंगे। परंतु इनका चयन अभी तक नहीं किया गया ऐसे में इनमें अध्यनरत बच्चे ना तो अंग्रेजी में पारंगत होंगे और ना हिन्दी में पारंगत रहेंगे। इसलिए सरकारों को चाहिए कि केवल घोषणाओं से वाह-वाह लूटने और नंबर बढ़ाने कि बजाय क्रियान्वयन की गुणवत्तापूर्ण हो।

मजबूत कार्य योजना बनाने के बाद समुचित मात्रा में संसाधन उपलब्ध कराने की क्षमता अगर सरकार में हो तभी योजना लागू की जानी चाहिए। अगर सरकार पूरी तरह संसाधनों के साथ क्षमता के साथ योजना लागू करेगी तो आने वाली सरकारे भी उस योजना को बंद नहीं कर पाएगी। अन्यथा बंद करने के लिए उनके पास यह विषय आ जाता है कि यह आधी अधूरी योजना है। वर्तमान सरकार को चाहिए की महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को गुणवत्ता के आधार पर देखकर छात्र-शिक्षक अनुपात में इन्हें ठीक से चलाने का प्रयास करें।

–राजेन्द्र जोशी,
शिक्षाविद-साहित्यकार

# जैसलमेर में सैलानियों की आवक से होटल व रिसोर्ट हाउसफुल

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। 55वीं जीएसटी परिषद की 21 दिसम्बर को हुई बैठक की महीनों से पूरे भारत में चर्चा से इस बार उम्मीद से तीन गुना देशी सैलानियों की आवक हो रही है। होटल व्यवसाईयों, रेस्टोरेंट, चाट ठेलों, थ्री व्हीलर वालों के चेहरों पर खुशी छाई हुई है। प्रशासन द्वारा जीएसटी परिषद की बैठक तक सभी व्यवस्था सिंगापुर शहर की भांति थी, वर्तमान में वही ढाक के तीन पात वाली स्थति है। हालात यह है कि सैलानियों को आसानी से होटलों में जगह तक नहीं मिल रही है। बुधवार की रात जैसलमेर शहर हाउसफुल नजर आया। जब शहर का भ्रमण किया तो कई जगहों पर सैलानी सड़कों के किनारे खड़े वाहनों में सोते नजर आए।

गांधीनगर गुजरात से आए गोकुल भाई अपने परिजनों व रिश्तेदारों के साथ बस में जैसलमेर घूमने आए हुए थे। उनके साथ 45 यात्री थे। करीब 30 से 40 होटलों में तलाश करने पर भी जगह नहीं मिली। ऐसे में उन्होंने बस में ही रात बिताने का निर्णय लिया और इस सर्द मौसम में ठिठुरते रहे। यह सिर्फ गोकुल भाई के साथ ही नहीं, कई सैलानियों के साथ हुआ, जब वे शहर पहुंचे तो उन्हें जगह नहीं मिली और आखिर सड़क किनारे गाड़ियों को पार्क कर वहीं पर खाना बनाया और खाने के बाद रात में ही वापस यहां से निकल गए। एक अनुमान के मुताबिक शहर में इन दिनों रोजाना 8 हजार से ज्यादा गाड़ियां आ रही है। इसके अलावा ट्रेन, फ्लाइट व बसों से आने वाले सैलानी अलग है।



जैसलमेर में किला पार्किंग में सैलानियों की गाड़ियां।

- एक अनुमान के मुताबिक शहर में इन दिनों रोजाना आठ हजार से ज्यादा गाड़ियां आ रही हैं
- कई पर्यटकों ने बसों में ही रात बिताने का निर्णय लिया और इस सर्द मौसम में ठिठुरते रहे

पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यातायात पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए कड़े प्रबंध कर रखे हैं। सोनार दुर्ग जाने व आने के लिए अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं। गड़ीसर चौराहे की तरफ से आने वाली गाड़ियों को ऑफिसर चौराहा से घूमकर देवचंद्रेश्वर मंदिर के सामने से रिंग रोड स्थित पार्किंग पर जाने की व्यवस्था की गई है। वहीं वहां से वापिस बाहर निकलने के लिए ढिब्बा पाड़ा होकर नगर परिषद के पास से मुख्य सड़क से जोड़ा गया है। वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण कई जगहों पर व्यवस्था गड़बड़ा रही है पार्किंग स्थल फुल है।

पर्यटन नगरी जैसलमेर में गाड़ियों की पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन आ रहे हैं, लेकिन इन वाहनों को खड़ा करने के लिए जिला प्रशासन व नगर परिषद ने कोई व्यवस्था नहीं की है। इस वजह से सैलानियों को सड़कों के किनारे ही वाहन खड़े करने पड़ रहे हैं। यह समस्या पर्यटन सीजन में हर साल होती है, लेकिन इस ओर न तो नगरपरिषद ध्यान दे रही है और न ही जिला प्रशासान ध्यान दे रहा है।

# 'अब अभ्यर्थी गर्म कपड़े व जूते पहनकर दे सकेंगे परीक्षा'

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सर्दी के तीखे तेवर शीतलहर के मद्देनजर वर्ष 2024 की आखिरी भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को सर्दी से बचाने के लिए गर्म कपड़े एवं जूते पहनकर परीक्षा देने की राहत दी है। वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) परीक्षा 28 दिसंबर से शुरू होने जा रही है। पूर्व की परीक्षाओं में अभ्यर्थियों के जूते, दुपट्टा सहित अन्य सामान केंद्र के बाहर ही उतरवा लिया जाता था।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि आयोग की ओर से आगामी 28 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाली वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा में प्रदेशभर के करीब 4 लाख 70 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। दिसबंर माह के अंतिम सप्ताह में प्रदेश के विभिन्न जिलों में मावठ और शीतलदार के चलते कड़ाके की ठंड पड़ेगी। इसके मद्देनजर आयोग की सुबह की पारी में होने वाली परीक्षा में अभ्यर्थियों को खासी परेशानी होती। पहली पारी का पेपर सुबह नौ बजे शुरू होगा, लेकिन अभ्यर्थियों को सुबह सात बजे से ही परीक्षा सेंटरों पर पहुंचना होता है। आठ बजे बाद परीक्षा केंद्र में एंट्री बंद कर दी जाएगी। सुबह के समय ही सबसे अधिक परेशानी होती है। ऐसे में आयोग ने परीक्षा नियमों में अभ्यर्थी को शिथिलता प्रदान की है।

- वर्ष 2024 की आखिरी भर्ती परीक्षा में आर.पी.एस.सी. ने सर्दी को देखते हुए राहत दी
- वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) परीक्षा 28 दिसंबर से शुरू होगी

कृपाण लेकर जा सकेंगे सिख धर्म के अभ्यर्थी :-आयोग सचिव मेहता ने बताया कि अभ्यर्थियों को सर्दी के मौसम को देखते हुए राहत प्रदान की गई है। परीक्षा में सिख धर्म के अभ्यर्थी कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धार्मिक प्रतीक धारण कर परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। फ्रिस्किंग के दौरान इन प्रतीक के अतिरिक्त अन्य कोई संदेहास्पद उपकरण या वस्तु मिलने पर उसे परीक्षा केंद्र पर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

सचिव मेहता ने बताया कि परीक्षा दो पारियों में आयोजित होगी, जिसमें 28 दिसंबर को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा सुबह 9:30 से 12 बजे, हिन्दी दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे, 29 दिसंबर को जीके एंड एजुकेशनल साइकोलॉजी सुबह 9:30 से 11:30 बजे, साइंस दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे, 30 दिसंबर को गणित सुबह 9:30 से 12 बजे, संस्कृत दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे और 31 दिसंबर को इंग्लिश सुबह 9:30 से 12 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# सरकारी स्कूलों में नामांकन घटने पर 40 प्रिंसिपल तलब

## प्रिंसिपलों को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया गया

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नामांकन कम होने और आस-पास रहने वाले बच्चों को स्कूल से नहीं जोड़ने पर शिक्षा विभाग ने 40 प्रिंसिपल को नोटिस देते हुए निदेशालय में तलब किया है। प्रिंसिपल को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया गया है और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने 40 प्रिंसिपल को 17 सीसीए के तहत नोटिस दिया था। नोटिस में नामांकन कम होने के साथ ही आस-पास रहने वाले बच्चों को स्कूल से नहीं जोड़ने के आरोप लगाए हैं। अलग-अलग जिलों के 40 प्रिंसिपल को नोटिस के बाद अब व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया गया है। इस दौरान प्रिंसिपल के जवाब संतोषजनक नहीं हुए तो कार्रवाई की जाएगी।

- संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सख्त कार्रवाई हो सकती है

आमतौर पर स्कूल में टीचर्स के पद रिक्त होने, गार्जन के ट्रांसफर होने या फिर किसी अन्य उचित कारण के नामांकन कम होता तो कार्रवाई नहीं होती। इसके विपरित अगर रिजल्ट खराब होने की स्थिति में छात्र-छात्राओं की संख्या कम होती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। ये सभी प्रिंसिपल गुरुवार को ही बीकानेर आएंगे और यहां निदेशक के सामने पेश होंगे। जिन जिलों में नामांकन कम होने के कारण सत्रह सीसीए में नोटिस दिए गए हैं, उनमें बीकानेर, बांसवाड़ा, कोटा, भीलवाड़ा, जैसलमेर, नागौर, राजसमंद, प्रतापगढ़, बूंदी, चूरू, जालौर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, टोंक, सिरोही और हनुमानगढ़ के स्कूल प्रिंसिपल शामिल है।

## राशिफल शुक्रवार 27 दिसम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, विशाखा नक्षत्र रात्रि 8:29 तक, धृति योग रात्रि 10:37 तक, कौलव करण दिन 1:35 तक, चन्द्रमा दिन 1:57 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-तुला, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज राजयोग रात्रि 8:29 से रात्रि 2:27 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 8:29 से सूर्योदय तक है। महापात योग दिन 2:35 से रात्रि 9:35 तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:36 तक, लाभ-अमृत 8:36 से 11:10 तक, शुभ 12:28 से 1:45 तक, चर 4:20 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:18, सूर्यास्त 5:37

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क**
परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

**सिंह**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**कन्या**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**तुला**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात वर्तमान में चल परेशानियां दूर होने लगेगी।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

# राजस्थान सरकार साहिबज़ादों के नाम छात्रावास के लिए भूमि देगी

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा कार्यालय में शबद कीर्तन कार्यक्रम में यह घोषणा की

जयपुर, 26 दिसंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में शबद कीर्तन कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार साहिबज़ादों के नाम पर छात्रावास के लिए सिख समाज को जमीन का आवंटन करेगी। उन्होंने कहा कि सिख धर्म के दसवें गुरू गोविंद सिंह के साहिबज़ादों ने मातृ भूमि के लिए,

- **मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा का संकल्प है कि सिख धर्म के साहिबज़ादों के बलिदान को देश की युवा पीढ़ी को बताया जाये और उनके आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया जाये।**



*वीर बाल दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित शबद कीर्तन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने साहिबज़ादों के नाम पर छात्रावास के लिए सिख समाज को जमीन का आवंटन करने की घोषणा की।*

अपनी संस्कृति और विचारों के लिए दृढ़ता के साथ अपना जीवन बलिदान कर दिया, उनको मेरा कोटि-कोटि नमन। बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म की रक्षा और सत्य के लिए अल्प आयु में ही अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, यह हम सब के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अत्याचारी मुगल शासकों ने उन्हें झुकाने और उनका धर्म परिवर्तन करवाने के लिए अनेक अत्याचार किए, लेकिन राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए साहिबज़ादों ने हंसते हुए मृत्यु को गले लगा लिया। साहिबज़ादों की शहादत हमें बताती है कि धर्म के मार्ग पर चलने के लिए उम्र नहीं, दृढ संकल्प और साहस की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि ऐसी माता को भी नमन, जिसने अपने बच्चों में राष्ट्र और धर्म के लिए ऐसे संस्कार और शिक्षा दी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि सिख धर्म के इन साहिबज़ादों के बलिदान को देश की युवा पीढ़ी को बताया जाए और देश के युवा वर्ग को इनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साहिबज़ादों के शहादत को राष्ट्रीय बाल दिवस घोषित कर उनकी स्मृति को चिर स्थाई बनाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मुगलों ने इस्लाम धर्म कबूल करवाने के लिए साहिबज़ादों को यातनाएं दीं, लेकिन उन्होंने सिर झुकाने की बजाय, अपने प्राण न्यौछावर करना उचित समझा। राठौड़ ने कहा कि आज समय के अनुसार हमें जागृत रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम समिति के प्रदेश संयोजक प्रणवेन्द्र शर्मा ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय के साथ, प्रदेशभर में वीर बाल दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। भाजपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सी आर चौधरी सहित, भाजपा के अनेक गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पारिवारिक न्यायालय ने पत्नी का गुजारा भत्ता तय किया

जयपुर, 26 दिसंबर। पारिवारिक न्यायालय क्रम-1 महानगर प्रथम ने पारिवारिक विवाद से जुड़े एक मामले में कहा है कि पत्नी का भरण-पोषण करना पति का विधिक व नैतिक दायित्व है। न्यायालय ने अप्रार्थी पति को निर्देश दिया है कि वह प्रार्थिया पत्नी को हर महीने भरण-पोषण के लिये15 हजार रुपए भुगतान करे। न्यायालय ने कहा कि अप्रार्थी पति की ओर से अपनी आय के संबंध में दिए जवाब व स्टेटमेंट में गंभीर विरोधाभास है। उसने आय के संबंध में तथ्यों को छिपाया है। अप्रार्थी का यह कहना, कि वह अपने पिता के साथ रंगाई काम से तीन से चार हजार रुपए कमाता है, न्यायोचित प्रतीत नहीं होता। मामले के तथ्यों व परिस्थितियों को देखते हुए अप्रार्थी की आय 40 हजार रुपए माना जाना सही है। पीठासीन अधिकारी विरेन्द्र कुमार जसूजा ने यह आदेश पत्नी के प्रार्थना पत्र पर दिए।

- **पति ने आय के तथ्यों को छिपाया। न्यायालय ने 40 हजार आय मान कर 15 हजार रूपए गुजारा भत्ता तय किया।**

मामले के अनुसार, प्रार्थिया का निकाह 14 दिसंबर 2012 को अप्रार्थी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था, लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष का व्यवहार प्रार्थिया से अच्छा नहीं रहा और वे उसे दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने लगे। उन्होंने उससे तीन लाख रुपए नगद व एक कार की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर उसे प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। प्रार्थिया बेरोजगार है और पति विदेश में काम कर 80 हजार रुपए कमाता है। ऐसे में उसे भरण पोषण भत्ता दिलाया जाए।

# 'बेलगावी बैठक में कांग्रेस के भविष्य का एजेंडा तय होगा'

## पायलट व शिवकुमार ने कार्यसमिति की बैठक का महत्व रेखांकित किया

महात्मा गांधी नगर , बेलगावी 26 दिसंबर। कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार और सचिन पायलट ने गुरुवार को यहां कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के दौरान पार्टी के भविष्य की रूपरेखा तय की।

यह बैठक महात्मा गांधी द्वारा 1924 में कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता करने की शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित की गयी है।

इस मौके पर शिवकुमार ने अपने संबोधन में देश को एकजुट करने और राजनीतिक सत्ता की परवाह किए बिना समाज के सभी वर्गों की सेवा करने में कांग्रेस पार्टी की दीर्घकालिक भूमिका पर जोर दिया।

कहा कि पार्टी की विरासत राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में गहराई से, यहां तक कि प्रतिकूल समय में भी निहित है।

इस अवसर पर राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बैठक को संबोधित करते हुए शताब्दी के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया और इसे कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा, यह बैठक हमारी पार्टी के भविष्य के एजेंडे के लिए आधार तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले महीने कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि वह राष्ट्रीय मंच पर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। उन्होंने आने वाले वर्षों में पार्टी के लिए एक स्पष्ट दिशा निर्धारित करने में बैठक के महत्व को भी रेखांकित किया।

- **महात्मा गांधी ने 1924 में बेलगावी में कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता की थी। इस अधिवेशन की शताब्दी के उपलक्ष्य में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक यहां आयोजित की गई है।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक आज दोपहर 15 बजे शुरू हुई, जो 1924 के कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता करने वाले महात्मा गांधी की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई। ऐतिहासिक महत्व रखने वाले इस स्थल का नाम बदलकर इस अवसर के सम्मान में महात्मा गांधी नवनगर रखा गया है।

बैठक में इंडिया समूह को मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें कांग्रेस नेतृत्व ने आने वाले महीनों में गठबंधन को मजबूत करने और राजनीतिक विरोधियों का मुकाबला करने की रणनीतियों की रूपरेखा तैयार की।

कांग्रेस ने कार्यसमिति की बैठक के अलावा 27 दिसंबर को बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' की योजना बनाई है, जिसका उद्देश्य सामाजिक न्याय और समावेशिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना है।

# नीट पीजी में सेवारत चिकित्सकों को बोनस अंक क्यों नहीं दिये?

जयपुर, 26 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट पीजी-2024 में सेवारत चिकित्सक को बोनस अंकों का लाभ नहीं देने पर स्वास्थ्य विभाग और नीट पीजी बोर्ड के चेयरमैन से जवाब तलब किया है।

जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने ये आदेश डॉ. लोकेश कुमारी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि एसएमएस मेडिकल कॉलेज ने नीट के जरिए मेडिकल पीजी कोर्स में प्रवेश के लिए गत 23 सितंबर को नोटिफिकेशन जारी कर काउंसलिंग प्रक्रिया आरंभ की, जिसके अनुसार, अभ्यर्थियों को प्रथम राउंड की काउंसलिंग के लिए 18 नवंबर तक पंजीकरण कराना था। याचिकाकर्ता चिकित्सक प्रथम राउंड की काउंसलिंग में अपना पंजीकरण नहीं करा सकी। वहीं दूसरी ओर, 16 नवंबर, 2024 को विभाग ने अधिसूचना जारी कर यह शर्त लगा दी कि यदि कोई सेवारत चिकित्सक इन सर्विस कैटेगरी में बोनस अंक का लाभ लेना चाहे तो उसे प्रथम राउंड की काउंसलिंग में पंजीकरण कराना होगा। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता द्वितीय

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग और नीट पीजी बोर्ड चेयरमैन से जवाब मांगा।**

और अन्य राउंड की काउंसलिंग के लिए पात्र है, लेकिन इस शर्त से याचिकाकर्ता चिकित्सक को बोनस अंकों का लाभ नहीं मिल पाएगा और उसे मनचाहे विषय की सीट आवंटित नहीं हो पाएगी।

याचिका में कहा गया कि पूर्व के सालों में स्टेट काउंसलिंग के दौरान सभी राउंड की काउंसलिंग में सेवारत चिकित्सकों को उनकी ग्रामीण सेवा में की गई सेवा के अनुरूप, इन सर्विस कैटेगरी के तहत, बोनस अंकों का लाभ दिया जाता रहा है। वहीं, नीट- 2024 के प्रारंभिक नोटिफिकेशन में भी इसका उल्लेख नहीं किया गया था कि प्रथम चरण के बाद अन्य चरणों में सेवारत चिकित्सकों को बोनस अंकों से वंचित रखा जाएगा।

इसके अलावा, किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश या भर्ती प्रक्रिया के आरंभ होने के बाद उसके नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता। ऐसे में याचिकाकर्ता को बोनस अंकों का लाभ दिया जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# प्र.मंत्री मोदी एक ही दिन में 58 लाख प्रॉपर्टी काड्र्स का ई वितरण करेंगे

## स्वामित्व योजना के तहत इस कार्य के लिए 46 लाख गांवों का चयन किया गया है

नयी दिल्ली, 26 दिसम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 200 जिलों के 46,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरूवार को यहां बताया कि सर्वेक्षण की नवनीतम ड्रोन तकनीक के माध्यम से गांवों में घरों के मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना शुरू की थी।

- **ये 46,000 गांव दस राज्यों व दो केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं। इन राज्यों में राजस्थान भी शामिल है।**

यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण और बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण को सक्षम करने, संपत्ति से संबंधित विवादों को कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों और संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करने और व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना को सक्षम करने में भी मदद करती है।

अभी तक 3 लाख दस हजार से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिसमें लक्षित गांवों का 92 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। अब तक लगभग डेढ़ लाख गांवों के लिए लगभग 2 करोड 20 लाख संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं।

यह योजना त्रिपुरा, गोवा, उत्तराखंड और हरियाणा में पूरी तरह से लागू हो चुकी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों तथा कई केंद्र शासित प्रदेशों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

# भाजपा महिला मोर्चा का केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन

नयी दिल्ली, 26 दिसम्बर। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और उन्होंने प्रदेश की महिलाओं को छलने और महिला सम्मान के नाम पर झूठी तसल्ली देने का आरोप लगाया। मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह, मोर्चा की प्रभारी श्याम बाला, प्रदेश प्रवक्ता एवं निगम पार्षद शिखा राय, मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष शिखा माथुर, संगीता चौधरी, रेखा सिंह सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुईं।

- **उन्होंने केजरीवाल पर महिलाओं को छलने का आरोप लगाया।**

# राजस्थान भीषण ठंड की चपेट में

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर। दिल्ली-एनसीआर में सुबह और शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में तीन दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, एनसीआर के लोगों को 27 और 28 दिसंबर को तेज बारिश और तेज हवा का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान, अधिकतम और न्यूनतम तापमान में ज्यादा गिरावट देखने को नहीं मिलेगी। बारिश के बाद, लोगों को घने कोहरे और तापमान में गिरावट का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए अलर्ट के मुताबिक, 27 और 28 दिसंबर को तूफान के साथ तेज बारिश हो सकती है।

राजस्थान के अधिकतर इलाके भीषण ठंड की चपेट में हैं और मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार से राज्य में कई जगह बारिश और ओलावृष्टि का अनुमान जताया है। मौसम केन्द्र, जयपुर के अनुसार, बीते 24 घंटे में राज्य में मौसम आमतौर पर शुष्क रहा। इस दौरान कहीं-कहीं घने से अति घना कोहरा छाया रहा और पश्चिमी राजस्थान में 'शीत दिवस' दर्ज किया गया। 27 दिसंबर को कुछ जगहों पर बारिश और

- **दिल्ली-एन.सी.आर. में 3 दिन तेज बारिश का येलो अलर्ट।**

ओलावृष्टि का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 28 दिसंबर को कोटा, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने और शेष अधिकांश भाग में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने का अनुमान है, जबकि 29 दिसंबर से मौसम शुष्क रहेगा तथा कहीं-कहीं घना कोहरा छाया रहेगा व तापमान में गिरावट हो सकती है।

कश्मीर भयंकर शीतलहर की चपेट में है और न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से कई डिग्री नीचे पहुंच गया है। शुक्रवार और शनिवार को ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी होने की संभावना है, क्योंकि क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव होने की संभावना है। कश्मीर घाटी में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे घाटी में ठंड का प्रकोप जारी रहा। पारे में गिरावट के कारण, विभिन्न क्षेत्रों में कई जलाशयों और जलापूर्ति लाइन में पानी जम गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 29, 30 और 31 दिसंबर को मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा।

# राजस्थान हाई कोर्ट को 3 नये जज मिलेंगे

जोधपुर, 26 दिसम्बर (कासं)। नए साल में राजस्थान हाईकोर्ट को तीन नए न्यायाधीश मिलने जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने राजस्थान के तीन न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश की हैं। इन अधिकारियों में रजिस्ट्रार जनरल प्रमिल कुमार माथुर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपुर महानगर द्वितीय चंद्रप्रकाश श्रीमाली और जिला एवं सत्र न्यायाधीश जोधपुर महानगर चंद्रशेखर शर्मा शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने तीनों नामों की सिफारिश केन्द्र सरकार को भेजी है। केन्द्र से हरी झंडी मिलने के बाद, राष्ट्रपति इन तीनों के नियुक्ति वारंट जारी करेंगे। तीनों 1992 बैच के न्यायिक अधिकारी हैं। ज्ञातव्य है कि राजस्थान हाईकोर्ट में 50 जजों की

- **सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने चंद्रशेखर शर्मा, प्रमिल कुमार माथुर व चंद्र प्रकाश श्रीमाल के नाम की सिफारिश की।**

स्वीकृत संख्या है। इस समय हाई कोर्ट में 32 न्यायाधीश नियुक्त हैं।

इन तीन नए जजों के मिलने के बाद हाईकोर्ट में न्यायधीशों की संख्या 35 हो जाएगी, लेकिन उसके बाद भी स्वीकृत संख्या से 15 न्यायाधीश कम रहेंगे। इसके अलावा, साल 2025 में पांच न्यायाधीश रिटायर भी हो जाएंगे। जनवरी माह में जस्टिस पंकज भंडारी, जस्टिस मदन गोपाल व्यास, मई में जस्टिस बीरेन्द्र कुमार, सिंतबर में जस्टिस नरेन्द्र ढढ्ढ़ा और नवम्बर में जस्टिस मनोज कुमार गर्ग रिटायर हो जाएंगे। ऐसे में, हाई कोर्ट में जजों की संख्या घटकर 30 ही रहने वाली है। हालांकि संभावना है कि नए साल में अधिवक्ता कोटे से राजस्थान हाईकोर्ट को कुछ नए जज और मिल सकते हैं।

# डॉ.मनमोहन सिंह का ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

गए हैं। राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बेलगावी से दिल्ली रवाना हो गए हैं। वे देर रात दिल्ली पहुंचेंगे। प्रियंका गांधी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी एम्स पहुंचे ।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमंत्री थे। वह संसद के उच्च सदन राज्यसभा के सदस्य थे। मनमोहन सिंह ने 21 मार्च, 1998 से 21 मई 2004 तक सदन में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी संभाली थी। इसी साल अप्रैल महीने में राज्यसभा से रिटायर हुए थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में लिखा, भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक मना रहा है। साधारण परिवार से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने।

उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर एक मजबूत छाप छोड़ी। प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए। देश के चौदहवें प्रधानमंत्री डॉ. सिंह अपनी नम्रता, कर्मठता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं।

डॉ. सिंह को कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया गया। इनमें से नागरिक सम्मान पद्म विभूषण, भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार, वर्ष के वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी अवार्ड, वर्ष के वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी अवार्ड, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का एडम स्मिथ पुरस्कार, कैम्ब्रिज के सेंट जॉन्स कॉलेज में विशिष्ट प्रदर्शन के लिए राइट पुरस्कार शामिल हैं।

डॉ. सिंह को जापानी निहोन किजई शिम्बुन एवं अन्य संघो द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. सिंह को कैंब्रिज एवं ऑक्सफ़ोर्ड तथा अन्य कई विश्वविद्यालयों द्वारा मानद उपाधियां प्रदान की गई ।

# सी.डब्ल्यु.सी...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

महाराष्ट्र चुनावों को लेकर अपनी चिन्ताएं सामने रखीं तथा कहा कि मतदान बढ़ कैसे गया था। इस बिन्दु का समापन करते हुये, उन्होंने कहा कि कहीं कुछ गड़बड़ तो है। लेकिन नेतृत्व, चुनाव प्रक्रिया पर तथा मतदान ई वी एम के जरिये हो या मतपत्र के जरिये हो- पर पूरी तरह स्पष्ट विचार देने में असमर्थ रहा।

# कांग्रेस माकन पर 24 घंटे में कार्यवाही करे- आतिशी

नई दिल्ली,26 दिसम्बर। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच बयानों को लेकर टकराव शुरू हो गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को कहा, कांग्रेस नेता अजय माकन हमारे नेता अरविंद केजरीवाल को एंटी-नेशनल कहते हैं। क्या उन्होंने भाजपा के किसी नेता के खिलाफ ऐसा आरोप लगाया। आतिशी ने कहा, हम कांग्रेस पार्टी से मांग करते हैं कि वह माकन के खिलाफ 24 घंटे के अंदर कार्रवाई करे। वर्ना हम इंडिया ब्लॉक से कांग्रेस पार्टी को अलग करने के लिए अन्य विपक्षी दलों से बात करेंगे।

संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के अंदर कांग्रेस पार्टी भाजपा के पक्ष में खड़ी हो गई है। कांग्रेस हर वो काम कर रही है, जिससे भाजपा को चुनाव में फायदा हो। दिल्ली के अंदर कांग्रेस के नेता हैं अजय माकन। वे भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ते हैं। वे भाजपा के कहने पर आम आदमी पार्टी के नेताओं को टारगेट करते हैं।

- **मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा वे इंडिया ब्लॉक से कांग्रेस को निकालने की मांग करेंगी।**
- **अजय माकन ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को देश का फ्रॉड किंग, यानी सबसे बड़ा धोखेबाज बताया।**

कांग्रेस नेता अजय माकन ने 25 दिसंबर को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को देश का फ्रॉड किंग, यानी सबसे बड़ा धोखेबाज बताया। माकन ने कहा कि अगर केजरीवाल को एक शब्द में परिभाषित करना हो, तो वो शब्द 'फर्जीवाल' होगा।

माकन ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए आप के साथ गठबंधन में आना कांग्रेस की भूल थी, जिसे अब सुधारा जाना चाहिए। केजरीवाल जैसे व्यक्ति पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उनकी कोई विचारधारा और कोई सोच नहीं है। वे अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

# 15 लाख रूपए सालाना...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

सात से दस लाख रूपए की आय पर 10 प्रतिशत, 10 से 12 लाख रूपए की आय पर 15 प्रतिशत, 12 से 15 लाख रूपए आय पर 20 प्रतिशत और 15 लाख रूपए से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स का प्रावधान है।

वर्तमान में करदाता दोनों सिस्टम में से एक चुन सकते हैं। पुराने सिस्टम में मकान किराए, बीमा आदि खर्चों पर टैक्स राहत दी जाती है। इसमें रेट्स कम है, पर कटौती भी कम है। टैक्स में कटौती से ज्यादा लोग नई टैक्स प्रणाली की तरफ आकर्षित होंगे।

टैक्स कटौती कितनी होगी, यह अभी तय नहीं है। इस बारे में एक फरवरी तक निर्णय हो सकता है। दस लाख रूपए या उससे अधिक कमाने वाले लोग, जो बहुत ही कम, हमारी कुल जनसंख्या का 5 प्रतिशत मात्र है, आयकर से प्राप्त राजस्व में सर्वाधिक 70 प्रतिशत योगदान देते हैं। इस ग्रुप में प्रोफैशनल्स, व्यापारी और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, जो 30 प्रतिशत की दर से टैक्स देते है।

- **इस प्रावधान से सरकार मध्यम वर्ग को ज्यादा खर्च करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है, जो हाई टैक्स और बढ़ती महंगाई से त्रस्त है।**

भारत विश्व की पांचवी सब से बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसने हाल ही में जुलाई-सितम्बर की तिमाही में गत सात तिमाही की सबसे कम ग्रोथ देखी थी, इससे उपभोक्ता मांग के बारे में चिंता बढ़ गई थी। खाद्य पदार्थों के बढ़ते दामों की वजह से शहरी क्षेत्रों में लग्ज़री आईटम्स पर खर्च कम हुआ है, जिनमें साबुन, शैम्पू और ऑटो मोबाइल प्रमुख है। मध्यम वर्ग की आय बढ़ाने से आर्थिक सक्रियता बढ़ सकती है। सरकार पर इस वर्ग का दबाव है। वह हाई टैक्स और कम वेतन वृद्धि तथा बढ़ती महंगाई से त्रस्त है।

# आर.एस.एस...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

सिविलाइज़ेशनल जस्टिस की इस तलाश को संबोधित करने का उचित समय आ गया है।" संपादकीय में आगे कहा गया है: "बाबासाहेब अंबेडकर ने जाति-आधारित भेदभाव की जड़ से निपटने के लिये संवैधानिक उपचार उपलब्ध कराये थे, ताकि इसे उखाड़ फैंका जाए।

# गत वर्ष में तीन सर्वोच्च स्तर के सेना...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

सैन्य पदानुक्रम में स्पष्ट कमांड संरचना नहीं होने से अनिश्चितता पैदा होगी और इस प्रकार सैंट्रल मिलिटरी कमिशन के चेयरमैन तथा चीन के राष्ट्रपति, जो चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष भी हैं, के अविवादित नियंत्रण को चुनौती देने वाले कोई भी अन्य सत्ता का केन्द्र पनप नहीं पाएगा।

शी जिनपिंग ने राजनीतिक और सैन्य कमांड संरचना को केवल एक व्यक्ति के हाथों में निरंकुश सत्ता देने की ओर मोड़ दिया है। जिनपिंग की सिंगल कमांड पर कोई प्रश्न नहीं उठा सकता।

वर्तमान वर्ष में करीब 30 टॉप लैवल के जनरल और स्पैशलाइज़्ड विंग्स के सैन्य प्रमुखों को बर्खास्त किया गया है।

निकाले गए अधिकांश अधिकारी शी जिनपिंग के अनुयायियों के समूह के वफादार सदस्य थे। तथापि, शीर्ष सैन्य अधिकारियों के चयन में केवल शी जिनपिंग के प्रति वफादारी ही महत्वपूर्ण है।

उच्च सैन्य अधिकारियों की इस तरह से बर्खास्तगी से शी के काम करने के तरीके तथा शीर्ष अधिकारियों के उनके चयन को ही धक्का लगा है। आखिरकार, किसी और ने नहीं, बल्कि शी जिनपिंग ने स्वयं ही इन अधिकारियों का चयन किया था। इनको बर्खास्त करके, सुप्रीम लीडर अपने ही चयन के विरुद्ध एक्शन ले रहे थे।

कुल संख्या की दृष्टि से, चीन का मिलिटरी सिस्टम विश्व में सबसे बड़ा है। चीन की मिलिटरी में करीब दो करोड़ डायरैक्ट सदस्य हैं। मिलिटरी हार्डवेयर में भी चीन की सैन्य प्रणाली सबसे बड़ी है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पास युद्धपोतों और नेवल वैसल्स का सबसे बड़ा बेड़ा है। इसके पास दुनिया में सबसे अधिक सैनिक हैं।

लेकिन, इसका मतलब यह नहीं कि यह सबसे मजबूत है। चीन की सेना ने जब वियतनाम पर हमला किया था तो उस छोटे से देश ने चीन की सेना को एक तरह से हरा ही दिया था। भ्रष्टाचार के आधार पर बर्खास्तगी का लगातार बना हुआ खतरा तथा अनिश्चितताएं चीन की सेना को कुछ हद तक कमज़ोर बनाते हैं।

साथ ही, चीन की सेना में भ्रष्टाचार का अवसर बना रहता है, क्योंकि सेना पर बहुत बड़ी रकम खर्च होती है, खासतौर पर सेना के उपकरणों और सुविधाओं पर। अधिकारियों पर अक्सर मिलिटरी रीफिटिंग की योजनाओं और कार्यक्रमों से पैसा निकालने का आरोप लगाया जाता है।

सबसे महत्वपूर्ण और व्यापक परिवर्तन पी.एल.ए. (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) की रॉकेट फोर्स में किए गए हैं।

रॉकेट फोर्स वो एजेंसी है, जो पी.एल.ए. के विशाल मिसाइल भंडार के विकास, तैनाती और प्रबंधन के लिए जिम्मेवार है। इस विंग में उच्चतम निवेश और सबसे महत्वपूर्ण विकास हुए हैं।

रॉकेट फोर्स के कुछ शीर्ष अधिकारियों को भी भ्रष्टाचार के आरोप में बर्खास्त किया गया है। शी ने कूटनीतिक बयान देने के लिए भी अपनी रॉकेट फोर्स का इस्तेमाल किया है। जैसे, जब यू.एस. की हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी ताईवान की यात्रा पर गई थीं, तब चीन ने अपनी ताकत तथा क्रोध दर्शाने के लिए स्ट्रेट्स के पार मिसाइलों की बौछार की थी।

**राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908

# बोरवेल में गिरी मासूम चेतना को बाहर निकालने के प्रयास जारी

- बच्ची की कोई मूवमेंट नहीं मिल रही है, जिससे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है
- बच्ची को रेस्क्यू करने के लिये दिल्ली से रैट माइनर्स की टीम पर पहुंची

**कोटपूतली,** (निसं)। कोटपूतली के ग्राम किरतपुरा की ढाणी बडियाली में सोमवार दोपहर करीब दो बजे बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय मासूम बालिका चेतना पुत्री भूपेन्द्र चौधरी को करीब 80 घंटों का समय बीत जाने के बाद भी गुरुवार देर शाम तक नहीं निकाला जा सका। बच्ची की कोई मूवमेंट नहीं मिल रही है, जिससे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। रेस्क्यू अभियान में बरती गई लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में स्थानीय प्रशासन के प्रति आक्रोश का माहौल भी देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि घटना वाले दिन ही प्लान ए के साथ प्लान बी के तहत पाइलिंग मशीन बुलाकर कार्य शुरू कर दिया जाता तो चेतना को शायद समय रहते बाहर निकाला जा सकता था।

प्रशासन द्वारा प्लान ए के तहत देशी तरीके से प्रयास विफल रहने के बाद प्लान बी के तहत हरियाणा के गुरूग्राम से मंगवाई गई पाइलिंग मशीन ने गुरूवार सुबह तीन बजे तक करीब 155 फीट गहरा गड्ढा खोदा, जिसके बाद गहराई में पत्थर आ जाने की वजह से करीब तीन घण्टे तक रेस्क्यू अभियान रूका रहा। बाद में पाइलिंग मशीन की बिट चेंज करके 160 फीट तक खुदाई की गई। एनडीआरएफ निरीक्षक योगेश मीणा ने बताया कि इसके बाद पाइलिंग मशीन को बदलकर करीब 170 फीट खुदाई की गई है। देर शाम तक खोदे गये गड्ढे में केसिंग डाली जा रही थी। जिसके बाद इसमें रैट माईनर्स की टीम को उतार कर करीब 20 फीट मैन्युअल खुदाई बोरवेल के डैप्थ में की जाकर बच्ची को रेस्क्यू करने के प्रयास किये जायेंगे। बच्ची हमारे ऊपर हो इससे हम नीचे से बोरवेल में बच्ची तक सबसे सुरक्षित तरीके से पहुंच सकेंगे। फिलहाल जी शेप हुक के जरिये बच्ची को बोरवेल में अटकाया हुआ है।



बोरवेल में गिरी बच्ची को बचाने के लिये रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

बच्ची को रेस्क्यू करने के लिये दिल्ली से रैट माईनर्स की टीम मौहम्मद इरशाद अंसारी के नेतृत्व में फिरोज कुरैशी, राशिद अंसारी, नसीम मलिक दिल्ली से घटना स्थल पर पहुंचे है। टीम के सदस्यों ने बताया कि उत्तराखण्ड टनल हादसे में मजदूरों को बचाने के लिये विशेष तकनीक अपनाई थी। हम जमीन के अन्दर सुरंग से बोरवेल तक हॉरिजोंटल खुदाई करके बच्ची तक पहुंचेंगे। टीम के सदस्य स्थानीय प्रशासन से सम्पर्क कर यहां पहुंचे हैं।

चेतना को बोरवेल से बाहर निकालने में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस सहित स्थानीय पुलिस प्रशासन के तमाम प्रयास अभी तक सफल साबित नहीं हुये हैं। वहीं दूसरी ओर चेतना की मां धोली देवी की बुधवार रात्रि तबीयत बिगड़ गई, जिसका घर पर ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के नेतृत्व में उपचार प्रदान किया गया। दूसरी ओर ग्रामीणों में उपज रहे आक्रोश के बीच बुधवार रात्रि 12 बजे जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल भी मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस, स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं होम गार्ड के अधिकारियों के साथ मिटिंग कर हालातों का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने बच्ची के दादा हरसहाय चौधरी सहित परिजनों व ग्रामीणों से मुलाकात कर समझाइश की। प्लान बी में देरी पर मीडिया से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि सारी तैयारियां हालातों के अनुसार की जाती है। जिस दिन घटना हुई उसी दिन प्लान बी की तैयारी कर ली गई थी। मशीनों की मूवमेंट व आवागमन में देरी की वजह से सारा समय लगा है।

# दुष्कर्म पीड़िता ने मृत बच्ची को जन्म दिया

- आधे घंटे बाद नाबालिग मां ने भी दम तोड़ा, युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज
- 'परिजनों ने लोक लाज के भय से पहले दुष्कर्म को लेकर कोई रिपोर्ट नहीं दी थी'

**डूंगरपुर,** (निसं)। डूंगरपुर में 13 साल की नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की मंगलवार रात प्री-मैच्योर डिलीवरी हुई। पीड़िता ने मृत बच्ची को जन्म दिया। इसके कुछ देर बाद ही नाबालिग की भी मौत हो गई। नाबालिग की मौत के बाद परिजन ने सदर थाने में एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी हरेंद्र सौदा ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली 13 साल की रेप पीड़िता गर्भवती थी। मंगलवार शाम छह बजे पीड़िता के पेट में अचानक दर्द होने लगा। परिवार के लोग उसे तुरंत अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के बाद उसे भर्ती कर लिया। रात करीब 11 बजे नाबालिग ने आठ महीने की प्री-मैच्योर बच्ची को जन्म दिया, लेकिन वह मृत पैदा हुई थी। वहीं, डिलीवरी के आधे घंटे बाद करीब 11.30 बजे नाबालिग ने भी दम तोड़ दिया। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इसके बाद परिजनों की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया। बुधवार शाम करीब चार बजे दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए। मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध निवारण की ओर से की जा रही है। सदर थानाधिकारी हरेंद्र सौदा ने बताया कि परिजनों ने लोक लाज के भय से पहले दुष्कर्म को लेकर कोई रिपोर्ट नहीं दी थी। अब रेप पीड़िता और नवजात की मौत के बाद प्रकरण दर्ज करवाया है।

## अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**निवाई,** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने गुरुवार को रात्रि गश्त के दौरान सुनारा गांव के समीप अवैध बजरी परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों जब्त किया है। सदर थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्रसिंह भाटी के निर्देशों एवं डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में गुरुवार को रात्रि गश्त के दौरान अवैध बजरी परिवहन करते हुए सुनारा गांव के तालाब के पास अवैध बजरी के भरे हुए दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।


कार्यालय अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. कोलाना एयरपोर्ट खण्ड झालावाड़
क्रमांकः-948 दिनांकः- 17.12.2024
निविदा सूचना संख्या 03/2024-25
राजस्थान के राज्यपाल महोदय, की ओर से राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से (1) जिला झालावाड़ में राजकीय कोलाना हवाई पट्टी के अप्रेन एवं हैंगर एवं अन्य इत्यादी कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादित में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाई निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।
निविदा फार्म ऑन लाईन दिनांक 23.12.2024 से 13.01.2025 को सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकेंगे। ऑन लाईन निविदायें जमा कराने की तिथि 23.12.2024 से 13.01.2025 को सांय 6.00 बजे तक रहेगी। वेब साईट पर वित्तीय बिड दिनांक 14.01.2025 को 6.00 पर खण्ड कार्यालय में खोली जावेगी।
UBN:- PWD2425WSOB12305
DIPR/C/13285/2024
अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. कोलाना एयरपोर्ट खण्ड झालावाड़



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर
क्रमांकःअअ / सांचोर / 2024-25/2201 दिनांकः 18-12-2024
निविदा सूचना संख्या : 17 वर्ष 2024-25
NIB No.: PWD2425A3375
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से UCRV योजनान्तर्गत डामर सडक निर्माण कार्य MG नरेगा योजना में विभिन्न डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण व एमएलए लैड में डामरीकरण कार्य व अन्य सड़क मरम्मत कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 507.47 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।
ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख
23 दिसम्बर 2024, 9:30 बजे से 11 जनवरी 2025, सायं 06:00 बजे तक
निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in http:// eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http:// eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http:// eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवष्यक है। कार्यवार यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।
UBN No. - 1. UBNPWD 2425WSOB 12392, 2. UBNPWD 2425WSOB12393 3.UBNPWD2425WSOB12395, 4. UBNPWD 2425WSOB 12397, 5. UBNPWD 2425WSOB12398 6.UBNPWD 2425WSOB 12400, 7. UBNPWD 2425WSOB12401, 8. UBNPWD 2425WSOB12402, 9. UBNPWD 2425WSOB12404, 10. UBNPWD 2425WSOB 12406
(ओम प्रकाश) अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड सांचौर
DIPR/C/13457/2024



कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)
E-Mail : nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106
क्रमांक : नपबा / निर्माण / 2024 / 10089–91 दिनांक : 24.12.2024
ई-टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 38/2024-25
नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफएआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखें। कार्यो की लागत 9.27 लाख रूपये से 46.87 लाख रूपये तक है तथा UBN No. निम्नानुसार है :–
1. DLB2425WSOB13727, 2. DLB2425WSOB13728, 3. DLB2425WSOB13729, 4. DLB2425WSOB13730, 5. DLB2425WSOB13731
राज.संवाद / सी / 24 / 9548
आयुक्त नगर परिषद बारां



राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर।
Annual Rate Contract for Supply of Imported Items हेतु दर संविदा
(ई -बोली आंमत्रण सूचना संख्या 04/2024-25 (क्रमांक 280 दिनांक 23.12.2024))
इस विश्वविद्यालय के अधीनस्थ ईकाइयों में Supply of Imported Items हेतु दो कवर बिड (तकनीकि व वित्तीय बिड) में दर संविदा हेतु ऑनलाइन ई-बोली आंमत्रित की जाती है, जिसमें पंजिकृत फर्मो हेतु डी.एस.सी. के माध्यम से दिनांक 24.12.2024 से 13.01.2025 को सांय 5.00 बजे तक बोली प्रपत्र डाउनलोड कर अपलोड कर सकते है। UBN VAU2425GLRC00109 का विस्तृत विवरण स्टेट पोर्टल की वेबसाईट htttp//sppp.raj.nic.in विभाग की वेबसाईट www.rajuvas.org एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
राज.संवाद / सी / 24 / 9566
वित्त नियत्रंक



OFFICE OF THE PRINCIPAL S. M.S.MEDICAL COLLEGE & CONTROLLER OF THE ATTACHED HOSPITALS, JAIPUR
No-F/MC/Store/2024-25/5375-78 Dated: 18-12-2024
Notice Inviting Bid
Bid for supply of Various Items for various Department of SMS Medical College for below mentioned items are invited from interested bidder's upto 07.01.2025 at 02.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and SMS Medical College, Jaipur. website Department
UBN SMS2425GLRC00355
DIPR/C/13424/2024
PRINCIPAL & CONTROLLER



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत सवाई माधोपुर
क्रमांकः 2105 दिनांक 18-12-2020
निविदा सूचना संख्या : 09/2024-25
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला सवाई माधोपुर में पुलिया मरम्मत कार्यों हेतु मय पाँच वर्ष तक दोष निवारण के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "ए" एवं "एए" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB No.: PWD2425A3381
UBN No. :- (1) PWD2425WSOB12415 (2) PWD2425WSOB12417
(हरि सिंह मीना) अधीक्षण अभियन्ता सा.नि.वि. वृत सवाई माधोपुर
DIPR/C/13428/2024



कार्यालय उपवन संरक्षक, करौली (राज.)
(गद्का की चौकी करौली Phone & Fax No. 07464-297003 Email: dcf.kroli.forest@rajasthan.gov.in)
Notice Inviting Bid
Bid for Boundry Wall Construction in Range Sapotra are invited from interested bidders. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in of the state.

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | यू.बी.एन.नम्बर | लागत लाखों में | जारी दिनांक | जमा व खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दीवार निर्माण कार्य | UBN No FOR2425WSRC03040 | 29.78 | 18.12.2024 | 30.12.2024 व 31.12.2024 |

(सुमित बंसल) उप वन संरक्षक, करौली
DIPR/C/13443/2024



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम
क्रमांकः 2252-62 दिनांकः 18/12/2024
ई-निविदा सूचना संख्याः 09/2024-25
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला गंगापुर सिटी (खण्ड टोडाभीम) में सड़क / भवन कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के यथोचित श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
1. UBN No. PWD2425WSRC12345
2. UBN No. PWD2425WSRC12346
3. UBN No. PWD2425WSRC12347
(के.के.मीना) अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम
DIPR/C/13338/2024



कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड अकलेरा जिला झालावाड
(pwdaklera@rediffmail.com)
क्रमांकः-1374 दिनांक :-17.12.2024
ई-निविदा सूचना संख्या 11/2024-25
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक/भवन कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकारके एए, ए, बी, सी, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई- टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी।
निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| S.No. | UBN NO. | S.No. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB12320 | 2 | PWD2425WSOB12327 |
| 3 | PWD2425WSOB12328 | 4 | PWD2425WSOB12329 |
| 5 | PWD2425WSOB12331 | 6 | PWD2425WSOB12332 |
| 7 | PWD2425WSOB12333 | 8 | PWD2425WSOB12334 |

DIPR/C/13329/2024 (डी.एस. मीणा) अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड अकलेरा


# देवनानी ने कोलकाता के आध्यात्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना की

- पश्चिम बंगाल विधानसभा सदन को देखा, देवनानी ने कहा बांग्लादेश की घटनाएं चिन्ताजनक

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दो दिवसीय कोलकाता यात्रा के दौरान गुरुवार को वहां के विभिन्न आध्यात्मिक स्थलों पर पहुँचकर पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। देवनानी ने कोलकाता के काली घाट स्थित शक्ति पीठ मंदिर में मां काली और दक्षिणेश्वर काली माता मंदिर के दर्शन किये और वे हुगली नदी के पश्चिमी तट पर स्थित बेलुड मठ गये। आध्यात्मिक स्थलों पर देवनानी ने पूजा-अर्चना व आरती कर सर्व कल्याण के लिए प्रार्थना की।





विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का कोलकाता में सम्मान किया गया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष वीमन बनर्जी से शिष्टाचार मुलाकात हुई। बनर्जी ने देवनानी के सम्मान में दोपहर भोज का आयोजन किया। बनर्जी से देवनानी की राजस्थान विधानसभा में किये गये नवाचारों, राजस्थान विधानसभा की संसदीय परम्पराओं और पश्चिम बंगाल विधानसभा की परम्पराओं, शून्यकाल, प्रश्नकाल, विधेयकों के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर पश्चिम बंगाल के संसदीय कार्य मंत्री सोवनदेव चट्टोपाध्याय, विधानसभा के प्रमुख सचिव सुकुमार राय सहित विधानसभा के अधिकारी मौजूद थे। देवनानी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष के साथ वहां की विधानसभा के सदन का अवलोकन किया। बनर्जी ने देवनानी को पश्चिम बंगाल विधानसभा के सदन के साथ विभिन्न दीर्घाओं का अवलोकन कराया। बनर्जी ने देवनानी को पश्चिम बंगाल विधानसभा की विभिन्न समितियों सहित यहां की संसदीय परम्पराओं के बारे में जानकारी दी।

वासुदेव देवनानी की कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुर्वेदु अधिकारी से मुलाकात हुई। अधिकारी ने देवनानी का शॉल ओढाकर और मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया। देवनानी ने कहा कि बांग्लादेश की घटनाएं चिन्ताजनक है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को ऐसी घटनाओं पर पहल करके कदम उठाये जाने चाहिए।


राजस्थान सरकार
निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर
क्रमांकः निदे/अ.ख.अ. नीलामी / नीलामी (ML Bajri XXI)/2024/ई-09533
ई-नीलामी विज्ञिप्त
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय- के तहत विभाग के अप्रधान खनिज बजरी के खननपट्टों के आंवटन के लिए निम्नांकित प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः-

| जिला | तहसील | राजस्व गांव | प्लॉटो की संख्या |
|---|---|---|---|
| टोंक | पीपलू | डोडवाड़ी | 1 |
| | | डोडवाड़ी, मूंडिया | 1 |
| | | वशीपूरा, लाक | 1 |
| | देवली | सतवाड़ा | 2 |
| | | सतवाड़ा, संथली | 1 |
| | दूनी | बंथली | 4 |
| | | बंथली, विजयगढ़ | 1 |
| योग | | | 11 |

विशेष नोटः-
1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd. की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।
DIPR/C/13415/2024 (भगवती प्रसाद) IAS निदेशक


# आप पार्टी से दिल्ली के लोगों का मोहभंग हुआ : शेखावत

**जोधपुर,** (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 10 साल उठाकर देख लीजिए, दिल्ली के लोगों को ठगने के अतिरिक्त आम आदमी पार्टी ने कोई काम नहीं किया है।

शेखावत गुरुवार को मीडिया से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी द्वारा महिलाओं को प्रलोभन देने और वहां के अधिकारियों के इसे नकारने के सवाल पर शेखावत ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जिस तरह की घोषणा की है, उसके उलट वहां के अधिकारियों ने सरकारी रिकॉर्ड पर प्रश्न का उत्तर दिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की ऐसी कोई योजना नहीं है। बिना किसी योजना के निराधार इस तरह से महिलाओं को भ्रमित करने का काम आम आदमी पार्टी कर रही है। पिछले दस साल में उठाकर देख लीजिए, दिल्ली के लोगों ठगने के अतिरिक्त आम आदमी पार्टी ने कोई काम नहीं किया है। लोगों को झूठे भुलावे देना, झांसे देना और बाद में मुकर जाना, जो सरकार पार्टी विद डिफरेंट के नाम पर बनी थी, उसके आधे से ज्यादा लोग भ्रष्टाचार के केस में जेल में हैं। ऐसी पार्टी से दिल्ली के लोगों का मोहभंग हो गया और अबकी बार भारतीय जनता पार्टी को विजय दिलाने वाले हैं।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर प्रवास के दौरान निज निवास स्थान पर आमजन से मुलाकात की और जन समस्याओं को सुना और यथासंभव समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया।

## रैकी करते दो आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बाटोदा थाना पुलिस ने बामनवास वृत्ताधिकारी सीताराम मीणा के सुपरविजन में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर रैकी में प्रयुक्त एक डिजायर कार को जब्त किया है। बाटोदा थाना प्रभारी भरतसिंह ने बताया कि अवैध बनास बजरी परिवहन की रोकथाम के लिए पेट्रोलिंग कर रही पुलिस की जीप एवं जाब्ते की लोकेशन को लेकर रैकी कर रहे बालकृष्ण गुर्जर निवासी जाखोलास व सुमेर सिंह गुर्जर निवासी जाखोलास को गिरफ्तार किया।


राजस्थान सरकार
कार्यालय संयुक्त निदेशक, कृषि (रसायन)
राजकीय कीटनाशी अवशेष परीक्षण प्रयोगशाला दुर्गापुरा, जयपुर-302018
Email gprtldurgapura@gmail.com & jdgprtl.agri@rajasthan.gov.in
क्रमांक-एफ.9(2/33)/सं.नि.रसा./जीपीआरटीएल/आरकेवीआई/उ.क्र.LCMS/2024-25/638
दिनांक-18/12/2024
e-Tender Notice
The Joint Director Agriculture (Chemistry) GPRTL, Durgapura, Jaipur Invites following online bid from the eligible bidder:-

| Name of work | Total estimated cost | Bid Start Date | Bid Submission End date & time |
|---|---|---|---|
| Supply and installation of LCMS-MS with related accessories from Manufacturers or their Authorized Distributors/Dealers for the use in GPRTL, Dept. of Agriculture, Durgapura, Jaipur through e- Bid. UBN-AGR2425GLOB00375 | Rs 182.50 Lakh (Rs One Crore Eighty Two Lakh Fifty Thousand Only) | 20-12-2024 10.00 AM | 09-01-2025 11.00 AM |

Details may be seen in the bid document at the website of e-procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in/ state public procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in, https://agriculture.rajasthan.gov.in and https://dipr.rajasthan.gov.in
(Ajai Kumar Pachori) Joint Director Agriculture (Chemistry)
DIPR/C/13395/2024


# बीकानेर में भाजपा नेता के घर पर बुलडोजर चला

- भाजपा नेता के घर की दीवार, एक कमरा और टॉयलेट को तोड़ा
- इस कार्रवाई में जिला प्रशासन ने राजेरा गांव के 80 घर तोड़े

**बीकानेर,** (निसं)। सड़क चौड़ी करने के लिए निर्माण हटाने के दौरान जिला प्रशासन ने भाजपा नेता के घर पर भी बुलडोजर चला दिया। भाजपा नेता के घर की दीवार, एक कमरा और टॉयलेट को तोड़ दिया। मामला बीकानेर पंचायत समिति के गांव राजेरा का है। इस कार्रवाई में राजेरा गांव के 80 घर तोड़े गए।

बीकानेर संभाग संयोजक (सोशल मीडिया सेल, बीजेपी) कोजूराम सारस्वत ने अपने टूटे हुए घर का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा को टैग करते हुए लिखा कि 'आज हमारा घर टूटा है, कल तुम्हारा गुरूर टूटेगा।' कोजूराम ने बताया कि बीकानेर पंचायत समिति गुंसाईसर से कतरियासर के बीच उनका गांव आता है। इस गांव में ही प्रशासन ने कब्जे तोड़े हैं। करीब 80 घरों को तोड़ दिया गया है। अभी मकान तोड़ने का सिलसिला जारी है। यहां से नेशनल हाईवे निकालने का प्रोजेक्ट है। सारस्वत ने बताया कि इस नेशनल हाईवे को राजेरा गांव के अंदर से निकालने के बजाय बाहर से निकाला जाना चाहिए था। 20 फीट की रोड को 40 फीट करने के लिए 80 घरों को तोड़ा गया है। सारस्वत ने आरोप लगाया कि कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने जानबूझकर शीर्ष नेतृत्व और अधिकारियों को गुमराह करके यह सड़क गांव के अंदर से निकाली है। बाइपास नहीं बनने दिया। गरीबों के मकान तोड़े गए हैं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने 22 दिसंबर को पहला नोटिस दिया। 24 दिसंबर को मकान तोड़ने शुरू कर दिए। जबकि तोड़फोड़ की कार्रवाई 25 दिसंबर को होनी थी। पहले ही दिन 80 मकान तोड़ दिए गए हैं। कुछ मकान अभी और तोड़े जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस बारे में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से भी बात की थी। जैसे मुझे मालूम चला कि यह फीडबैक आया था कि किसी के मकान नहीं टूटेंगे। लेकिन, कार्रवाई में मकानों को तोड़ दिया गया। सारस्वत ने आरोप लगाया कि राजेरा गांव में पानी की आपूर्ति तक नहीं हो रही। इसके लिए भी सुमित गोदारा ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को मना किया हुआ है। लोगों ने 10-10 हजार रुपए लगाकर पानी खरीदा है। सारस्वत ने बताया कि मैं विधानसभा चुनाव में ताराचंद सारस्वत के साथ था। ऐसे में सुमित गोदारा नाराज हो गए। इससे पहले के चुनाव में मैं ही सुमित गोदारा का प्रचार-प्रसार संभाल रहा था। तब गोदारा जीत गए थे और सारस्वत चुनाव हार गए थे। ऐसे में मुझे पिछले चुनाव में सारस्वत के साथ लगना पड़ा था।


राजस्थान सरकार
निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर
क्रमांकः निदे/अ.ख.अ.नीलामी/नीलामी(ML Bajri XIX)/2024/ई-09521
ई-नीलामी विज्ञिप्त
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय- के तहत विभाग के अप्रधान खनिज बजरी के खननपट्टों के आंवटन के लिए निम्नांकित प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः-

| जिला | तहसील | राजस्व गांव | प्लॉटो की संख्या |
|---|---|---|---|
| शाहपुरा | जहाजपुर | रावतखेड़ा, रामपुरा | 1 |
| | | तरनियांखेड़ा, ओड़ियाखेड़ा, जामोली | 1 |
| | | जामोली रामगढ | 1 |
| | | जामोली रावतखेड़ा | 1 |
| सिरोही | पिण्डवाड़ा | नया सानवाडा कोटड़ा, वीरवाड़ा, उन्दरा, परलाई | 1 |
| सवाईमाधोपुर | चौथ का बरवाड़ा | अभयपुरा | 2 |
| टोंक | देवली | राजमहल | 1 |
| | | राजमहल, नयागांव | 1 |
| | | सतवाड़ा | 1 |
| | टोंक | बोरदा | 1 |
| | | अहमदपुरा | 1 |
| योग | | | 12 |

विशेष नोटः-
1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।
DIPR/C/13345/2024 (भगवती प्रसाद) IAS निदेशक



मैं डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20 के तीसरे संस्करण के लिए शारजाह वारियर्स टीम में शामिल होने और उसका नेतृत्व करने के लिए वाकई उत्साहित हूं।

- टिम साउदी

न्यूजीलैंड के गेंदबाज आईएलटी-20 के तीसरे संस्करण में शारजाह वारियर्स की कप्तानी मिलने पर।




आज का खिलाड़ी



## विराट कोहली

भारत में हर वर्ष कई खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो सर्वाधिक टैक्स का भुगतान करते है। वर्ष 2023-24 के दौरान कई भारतीय क्रिकेटरों ने भी टैक्स का भुगतान किया है। विराट कोहली ने वित्तीय वर्ष 2024 के लिए सबसे अधिक टैक्स क्रिकेटरों की सूची में दिया है। विराट कोहली सबसे अधिक टैक्स देने वाले भारतीय क्रिकेटर है। उन्होंने इस बार 66 करोड़ रुपये का टैक्स दिया है। उनकी ये आय मैच फीस, आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट, कई बड़े ब्रांड्स के विज्ञापन के जरिए पैसे कमाते है। बता दें कि विराट कोहली दुनिया के सबसे अधिक कमाई करने वाले खिलाड़ियों में शुमार है।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

जिला क्रिकेट संघ दौसा

## जिला क्रिकेट संघ का शीतकालीन कैम्प 28 से

जयपुर, 26 दिसंबर। जिले के खिलाडियों की प्रतिभा को निखारने के लिए जिला क्रिकेट संघ दौसा द्वारा प्रशिक्षण शिविर शुरू किया जा रहा है। इस कैम्प में छोटे बच्चों की क्रिकेट में छुपी प्रतिभा को बाहर लाने उनके हुनर को सुधारने और विशिष्ट प्रतिभाओं को तलाशने के लिए जिला क्रिकेट संघ दौसा द्वारा 4 दिवसीय शीतकालीन प्रशिक्षण शिविर 28 से 31 दिसम्बर को राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम में लगाया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह बताया गया की शिविर में सभी आयु वर्ग अंडर -14 ,अंडर -16 ,अंडर-19 ,अंडर -23 और सीनियर वर्ग में खेलने वाले सभी खिलाड़ी का आना अनिवार्य। है। इस शिविर के अंतर्गत उनका फिटनेस टेस्ट भी होगा। शिविर में बाहर के अनुभवी कोचों द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी अपने साथ आयु प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की प्रतिलिपि साथ लेकर आए सुबह 10 बजे से मौके पर आए खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाएगा।

## राइडर्स, स्टार्स, राइडर्स और क्वींस बने आज एएमपीएल-25 में विजेता

जयपुर, 26 दिसंबर। एएमपीएल 2025 में आज हुए 4 मुकाबलों में आयोजन सचिव, भगवान दास मंगल ने बताया कि पहला मुकाबले में निर्माण नगर राइडर्स को सुभाष नगर सनरॉजर्स से वाकओवर मिली। दूसरे मुकाबले में टोंक रोड स्टार्स ने अठावाल फार्म ब्लास्टर्स को 24 रन से हराया जिसकी प्लेयर ऑफ द मैच डिंपल गोयल रहीं। उपाध्यक्ष ललित बोगी और कोषाध्यक्ष संजीव बंसल ने बताया कि दिन के तीसरे मैच में देवी नगर रॉयल्स ने निर्माण नगर रॉयल्स को 8 विकेट से हराया जिसकी प्लेयर ऑफ द मैच शिल्पी रहीं। चौथे मैच में मालवीय नगर चैलेंजर्स ने निर्माण नगर राइडर्स को 7 विकेट से हराया जिसकी प्लेयर ऑफ द मैच दिया डेरेवाला रहीं।

## वर्ल्ड ड्रॉप रोबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष बने पूर्व सांसद किरीट प्रेमभाई सोलंकी

जयपुर, 26 दिसम्बर। स्वदेशी खेल ड्रॉप रोबॉल संघ के जनक ईश्वर सिंह आचार्य ने बताया कि स्वदेशी खेल ड्रॉप रोबॉल अब विदेशों में भी अपनी छाप छोड़ रहा है 2008 में हरियाणा के ईश्वर सिंह आचार्य द्वारा शुरू किया गया ये स्वदेशी खेल अपनी सादगी,सस्ते उपकरणों और फिटनेस को बढ़ावा देने वाले स्वरूप के कारण तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, इसे अखिल भारतीय अंतर विश्व विद्यालय प्रतियोगिताओ सहित कई देशों में खेला जा रहा है, ड्रॉप रोबॉल के वैश्विक विकास के लिए गठित वर्ल्ड ड्रॉप रोबॉल फेडरेशन ने अहमदाबाद के पूर्व सांसद ओर समाज सेवा के प्रतीक डॉ किरीट प्रेमभाई सोलंकी को सर्व समिति से वर्ल्ड ड्रॉप रोबॉल फेडरेशन का अध्यक्ष चुना गया है।

# चार बल्लेबाजों के अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन मैच पर बनाई पकड़



मेलबर्न, 26 दिसंबर। स्टीव स्मिथ (नाबाद 68), उस्मान ख्वाजा (57), सैम कॉन्स्टास (60) और मार्नस लाबुशेन (72) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को चौथे टेस्ट मैच में पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय छह विकेट पर 311 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी उस्मान ख्वाज और सैम कॉन्स्टास की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 89रनों की साझेदारी की। 20वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने सैम कॉन्स्टास को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कॉन्स्टास ने 65 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए पदार्पण टेस्ट में अपना पहला अर्धशतक बनाते हुए (60)रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्नसन लाबुशेन ने उस्मान ख्वाज के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 65 रनों की साझेदारी हुई। 45वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख्वाजा को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। उस्मान ख्वाजा ने 121 गेंदों में छह चौके लगाते हुए (57)रन बनाये।

चायकाल तक ऑस्ट्रेलिया ने 53 ओवरों में दो विकेट पर 176 रन बना लिये थे। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर ने मार्नसन लाबुशेन को कोहली के हाथों कैच आउट कराकर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। लाबुशेन 145 गेंदों में सात चाकों की मदद से (72) रन बनाये। अगले ही ओवर में बुमहराह ने ट्रैविस हेड (शून्य) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बुमराह ने मिचेल मार्श (चार) को भी अपना शिकार बना लिया। ऑस्ट्रेलिया का छठा विकेट एलेक्स कैरी (31) के रूप में गिरा। उन्हें आकाश दीप ने आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने 86 ओवरों में छह विकेट पर 311 रन बना लिये है और स्टीव स्मिथ (नाबाद 68) और कप्तान पैट कमिंस (नाबाद आठ) क्रीज पर मौजूद है। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट लिये और वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा और आकाश दीप ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विराट कोहली और सैम कॉन्स्टास के बीच मैच के दौरान हुई बहस

### कोहली पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना



मेलबर्न, 26 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारत विराट कोहली और ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण कर रहे सैम कॉन्स्टास के बीच टक्कर के बाद बहस हुई। आज यहां खेले जा रहे मैच में घटनाक्रम 10वें ओवर के दौरान उस समय हुआ जब कोहली और कॉन्स्टास ओवर की समाप्ति के बाद पिच पर आपस में टकरा गए। इसके तुरंत बाद दोनों खिलाड़ी आपस में बहस करते हुए देखे गये। उस्मान ख्वाजा ने बीच बचाव किया।

सत्र में बाद में रिप्ले सामने आने पर यह दिखा कि कॉन्स्टास दूसरे छोर की ओर जा रहे थे लेकिन पिच के बाहर से गेंद को हाथ में टॉस करते हुए आ रहे कोहली कॉन्स्टास से टकरा गए।

मैच के बाद कॉन्स्टास ने कहा, मैं समझ नहीं पाया। मैं दस्ताने ठीक कर रहा था और तब कंधे टकरा गए। लेकिन यह क्रिकेट में होता रहता है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कॉमेंट्री के दौरान कहा, जरा देखिए विराट कैसे चल रहे हैं। विराट पिच की दाईं ओर गए और इस टकराव की शुरुआत उन्हीं की ओर से हुई। स्थानीय चैनल से साइमन टॉफेल ने इस घटना को आईसीसी के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत अनुचित बताया।

// 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप //

## कुशाग्र ने पाँच व्यक्तिगत पदक जीतकर तीन नए राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित किए



जयपुर/भोपाल, 26 दिसंबर। 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप 2024 में 17 वर्षीय युवा निशानेबाज कुशाग्र सिंह राजावत ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से इतिहास रच दिया। भोपाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुशाग्र ने व्यक्तिगत इवेंट्स में कुल पाँच पदक जीते, जिनमें 2 स्वर्ण और 3 रजत पदक शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाए, जिसमें से एक सीनियर श्रेणी में है। कुशाग्र ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में स्वर्ण पदक जीतते हुए नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इस इवेंट में उन्होंने सीनियर श्रेणी में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा, 50 मीटर राइफल प्रोन इवेंट में उन्होंने दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुशाग्र सिंह राजावत की इस उपलब्धि ने न केवल उन्हें भारतीय निशानेबाजी का उभरता सितारा बना दिया है, बल्कि युवा निशानेबाजों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी। उनकी यह उपलब्धि भारतीय खेल इतिहास में लंबे समय तक याद रखी जाएगी। भोपाल में आयोजित यह चैंपियनशिप भारतीय निशानेबाजी का सबसे बड़ा मंच है, जहां कुशाग्र का प्रदर्शन भारतीय खेल जगत के उज्जवल भविष्य का संकेत दे रहा है।

## द. अफ्रीकी गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 211 रन पर समेटा

सेंचुरियन, 26 दिसंबर। डेन पैटरसन (पांच विकेट) और कॉर्बिन बॉश (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को पाकिस्तान को पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 211 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 15वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने कप्तान शान मसूद (17) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में डेन पैटरसन ने सैम अयूब (14) को आउटकर पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद 18वें ओवर में पैटरसन ने बाबर आजम (चार) को अपना शिकार बनाकर दक्षिण अफ्रीका को तीसरी सफलता दिलाई। सऊद शकील (14) को कॉर्बिन बॉश ने आउट किया। पहले सत्र का खेल समाप्त होने के समय पाकिस्तान ने 24 ओवरों में चार विकेट पर 88 रन बना लिये थे। भोजनकाल के बाद पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। कामरान गुलाम ने पाकिस्तान के लिए सर्वाधिक (54)रनों की पारी खेली। पाकिस्तान ने भोजनकाल के बाद मात्र 123 रन जोड़कर अपने छह विकेट गवां दिये। मोहम्म्द रिजवान (27), सलमान आगा (18), आमेर जमाल ने (28) रन और खुर्रम शहजाद (10) रन बनाकर आउट हुये। दक्षिण डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान की पूरी टीम 57.3 ओवर में 211 के स्कोर पर सिमट गई।

## जिम्बाब्वे के दो विकेट पर 92 रन

बुलावायो, 26 दिसंबर। बेन कर्रन (68) रनों की अर्धशतकी पारी के दम पर जिम्बाब्वे ने गुरुवार को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन भोजनकाल तक अफगानिस्तान के खिलाफ दो विकेट पर 92 रन बना लिये है। भोजनकाल के समय टी काइटानो (नाबाद 13) और सीन विलियम्स (नाबाद 10) रन बनाकर खेल रहे है। आज यहां इससे पहले जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

## ओ. एन. दीक्षित मेमोरियल में पदमजा सिंह दो वर्गों के फाइनल में पहुंची

जयपुर, 27 दिसंबर। ओ. एन. दीक्षित मेमोरियल जयपुर जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में आज लड़कियों के चार वर्ग के सेमीफाइनल खेले गए तथा लड़कों के एक वर्ग का सेमीफाइनल खेला गया जिसमें पदमजा सिंह ने लड़कियों के 13 व15 वर्ष की आयु के दोहरे फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल सेमी फाइनल में साधना सीकरवाल ने गुंजन स्वामी को 21 -13, 21-10 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में पायल शर्मा ने रक्षणदा बिष्ट को 21- 19, 21- 15 से परास्त कर महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। अंडर 11 लड़कियों के एकल सेमीफाइनल मे मिराया फागेरिया ने 21-6, 21-6 से स्वरा तक्षाली को तथा दूसरे सेमीफाइनल मेआराध्या बिश्नोई ने राशि सिंगल को 19-21, 21-16, 21- 14 से परास्त किया। अंडर 13 लड़कियों के मैच में अपेक्षा चौधरी ने रिद्धि सेठिया को 21-12, 21-17 से हराया वहीं पदमजा सिंह ने आराध्या ढींगरा का कड़े संघर्ष भरे मुकाबले में तीन गेमों में 17-21, 21-11,21 -14 हराया। अंडर 15 लड़कियों में पदमजा सिंह ने आदविका अग्रवाल को कड़े संघर्ष में 21-17, 22 -24, 21- 18 से हराया वहीं आराध्या ढींगरा ने दूसरे सेमीफाइनल में अपेक्षा चौधरी को दो संघर्ष गेमों में 22-20, 21 -16 से परास्त किया। लड़कों के अडर-11 सेमीफाइनल में लक्षित रेवाड ने जय सैनी को तीन गेमों में 15-21,21 -14, 21-15 से परास्त किया वहीं दूसरे सेमीफाइनल नैतिक बंसल ने बदरुद्दीन हसन को 21 -16, 21-11 से परास्त किया। इसके अलावा लड़कों के अंडर 13 के सेमीफाइनल में सिद्धार्थ, प्रणव मूलचन्दानी, अद्विक मित्तल व मानिक भारद्वाज ने प्रवेश किया।

राजधानी

# मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा के लिये दिया 6-ई फार्मूला

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सड़क सुरक्षा के लिए 6-ई फॉर्मूला दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं प्रभावितों की बेहतर देखरेख के लिये राज्य में 6-ई (एजुकेशन, इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, इमरजेंसी केयर, इवेल्यूएशन, एन्गेजमेंट) आधारित रणनीति के तहत कार्यवाही प्रारंभ की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पहले ई (एजुकेशन) सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में लोगों को शिक्षित किया जाए। दूसरे ई (इजीनियरिंग) के तहत सड़कें, ब्रिज अन्य बुनियादी ढ़ांचे को सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिए बेहतर डिजाइन किया जाए। उन्होंने कहा कि तीसरे ई (एनफोर्समेंट) के तहत यातायात कानूनों की सख्ती से पालना सुनिश्चित किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाए। चौथे ई (इमरजेंसी) के तहत दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित एवं प्रभावी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा पांचवे ई (इवेल्यूएशन) के तहत सड़क सुरक्षा उपायों का नियमित रूप से मूल्यांकन कर सुरक्षा उपायों में सुधार किया जाए तथा छठवें ई (एन्गेजमेंट) के तहत समुदाय एवं विभिन्न हितधारकों को सड़क सुरक्षा अभियानों में शामिल किया जाए।

- **सड़क सुरक्षा समीक्षा बैठक लेकर कहा, ''जनवरी से सड़क सुरक्षा अभियान शुरू होगा'**
- **सड़क दुर्घटना में जिम्मेदारी तय कर करें सख्त कार्यवाही : भजनलाल शर्मा**
- **'बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाओं की करें रोकथाम, राज्यभर में नहीं हो कोई भी खुला बोरवेल'**



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को उनके निवास पर आयोजित सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।**

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें सरकार, प्रशासन और जनता सभी का योगदान आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मिशन मोड पर काम करें। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर इनका शीघ्र सुधार किया जाए तथा प्रदेशभर में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए।

शर्मा ने कहा कि यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड, स्पीड ब्रेकर सहित तमाम प्रबंध सुनिश्चित किया जाए जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं एवं स्पीड मॉनिटरिंग उपकरण व ऑटोमेटेड चालान प्रणाली लागू की जाए।

उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग यह सुनिश्चित करे कि बिना परमिट के वाहनों की सड़कों पर आवाजाही ना हो तथा उल्लंघन करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग हाइवे पर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा सड़क पर किसी भी वाहन की अवैध रूप से पार्किंग नहीं हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा में कार्य करने वाले व्यक्ति एवं संस्थाओं को विशेष आयोजनों पर सम्मानित किया जाए, जिससे दुर्घटना में मदद करने वाले लोग प्रोत्साहित हो। शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए जिला स्तर पर बनी समिति की राज्य स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग हो।

शासन सचिव परिवहन शुचि त्यागी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य, अवैध कट्स की स्थिति, सड़क सुरक्षा के मानकों की सुनिश्चितता सहित विभिन्न विषयों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोडा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग भास्कर ए. सावंत, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, जयपुर कलक्टर जितेंद्र कुमार सोनी, मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. भारती दीक्षित, जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ सहित संबंधित विभागों एवं एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मीरा बाई व संतों पर टिप्पणी के आरोप मामले में पुलिस जांच रिपोर्ट पेश करे

**जयपुर।** अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-1 महानगर द्वितीय ने नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर की ओर से प्रकाशित श्रीमद्भागवत सेवा महापुराण अमृतम पुस्तक में भक्त शिरोमणी मीरा बाई सहित अन्य साधु-सन्यासियों पर टिप्पणी के आरोप मामले में करधनी पुलिस थाने से जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा है। वहीं मामले की सुनवाई 5 जनवरी 2025 को तय की है। कोर्ट ने यह निर्देश बालयोगी नोमीनाथ के परिवाद पर दिया है।

मामले से जुडे अधिवक्ता अनिल चौधरी व सुरेन्द्र सिंह राठौड ने बताया कि कोर्ट ने पूर्व में भी पुलिस को जांच करने का निर्देश दिया था, लेकिन पुलिस ने मामले में जांच नहीं की है। इसलिए कोर्ट ने पुलिस को पुन: जांच का निर्देश दिया है। परिवाद में कहा है कि इस पुस्तक में मां मीरा बाई के लिए गंभीर बातें कहीं गई हैं और यह सामाजिक व धार्मिक तौर पर मीरा बाई को कलंकित करने का प्रयास किया है।

इस मामले में परिवादी के कोर्ट में बयान दर्ज हो चुके हैं। अपने बयानों में परिवादी ने कहा कि पुस्तक के पेज संख्या 59 पर परंपरागत संतों और सनातन सम्प्रदाय को नहीं मानने वालों को आतंकवादी कहा गया है। ऐसा कहना साधु सन्यासियों का घोर अपमान है। पुस्तक में राधा-कृष्ण के प्रेम को भी शारीरिक संबंधों के विश्लेषण की व्याख्या करते हुए कथाओं को तोड़-मोड़कर मनगढ़त तरीके से प्रकाशित किया गया है। परिवाद में नारायण सेवा संस्थान की कल्पना गोयल और कमला अग्रवाल सहित अन्य को पक्षकार बनाया है।

## शोक जताया

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गुरूवार को अजमेर रोड हादसे में भाजपा के बूथ अध्यक्ष राधेश्याम चौधरी की असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

# बारिश से खराब सड़कों की मरम्मत के लिए 965 करोड़ रुपये स्वीकृत



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को निर्माण भवन में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित किया।**

**जयुपर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विशेष अभियान चला कर दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत, अतिक्रमण हटाने, स्पीड ब्रेकर ठीक करवाने, जेबरा क्रोसिंग, साईनेंज सहित अन्य आवश्यक सुविधायें विकसित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थाई मरम्मत के लिए 964.43 करोड़ रुपये की वित्तिय स्वीकृति जारी कर दी गई है इस राशि से प्रदेश में वर्षा से क्षतिग्रस्त लगभग 2328 कार्यों की स्थायी मरम्मत करवाई जायेगी। इस राशि से सड़क पुल आदि की मरम्म्त करवाई जायेगी।

- **सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगाः दिया कुमारी**

उपमुख्यमंत्री गुरुवार को निर्माण भवन में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थी। उपमुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को नियमित फिल्ड विजिट कर सड़कों की गुणवत्ता जांच करने के निर्देंश दिए हैं। उन्होनें निर्देश दिए है कि अधिकारी जिन सड़कों का निरीक्षण करेंगे उसकी रिर्पोट हर सात दिन में प्रस्तुत करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यदि निरीक्षण की गई सड़को की गुणवत्ता खराब मिलेगी तो निरीक्षण करने वाले अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि कार्बन फुट प्रिंट कम करने के लिए सड़क निर्माण में पर्यावरण हितैषी सामग्री का इस्तेमाल करें। उन्होनें बायो बिटूमिन का प्रयोग कर एक सड़क पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। डीपीआर निर्माण सेंट्रलाइज्ड हो, ताकि प्रोजेक्टस समय पर पूरे हो-उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि बजट घोषणाओं सहित अन्य योजनाओं के तहत बनने वाले पुल, सड़क आदि की डीपीआर बनाने का कार्य सेंट्रलाइज्ड किया जाये ताकि समय पर प्रोजेक्टस को शुरू करवाकर उन्हें तय अवधि में पूरा किया जा सकें। उन्होनें कहा प्राय देखने में आता है कि स्थानीय स्तर पर डीपीआर बनाने के काम में देरी होने की वजह से काम समय पर शुरू नही हो पाते है और जनता को उसका तय समय पर लाभ नही मिल पाता है।

दृश्यता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क के शोल्डर्स की जंगल क्लियरेंस के कार्य, सड़क भूमि पर अतिक्रमण हटाने हेतु जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही, अनाधिकृत मीडियन कट को बंद किया जाना, रोड साइनेज व लेन मार्किंग के कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करना, जंक्शन्स पर कैट्स ऑय लगाने व रम्बल स्ट्रिप्स के कार्य,घुमंतू जानवरों की रोकथाम हेतु स्थानीय निकाय से समन्वय कर सडको से दूर करना तथा एनजीओ अथवा रक्षा मित्र के साथ मिलकर कालर रिफ्लेक्टर लगाने सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए जायेगें। इसके साथ ही सड़क मिडियन पर लगे पेडों की ऊँचाई एक निर्धिश्त हाईट के बाद छटाई करवाने के कार्य भी किए जायेगें।

**सार-समाचार**

## शराब तस्करी मामले का आरोपी पकड़ा



**बांसवाड़ा,** (निसं)। आनंदपुरी थाना पुलिस ने शराब तस्करी मामले में छः माह से फरार मुख्य सरगना को गुजरात के बडौदा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अरविन्द उर्फ भोपा आदतन शराब तस्कर बताया जा रहा है। ध्यान रहे कि 14 जुलाई को आनंदपुरी थाना पुलिस ने मानगढ तिराहे पर एक वाहन से बीयर व अंग्रेजी शराब गुजरात तस्करी कर ले जाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपी हंसमुख परमार एवं हरपाल सिंह से पूछताछ की गयी तो इन लोगों ने मुख्य सरगना अरविन्द उर्फ भोपा पुत्र चंदु भाई राठौड निवासी गोविन्द पुरी थाना हालोल जिला पंचमहल तक पहुंचाने की जानकारी दी एवं बताया कि अरविन्द ही शराब तस्करी का मुख्य सरगना है। अरविन्द की तलाश के लिये थाना स्तर पर टीम गठित की गयी लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिये पहचान छिपाकर घर से भागता रहा। जिस पर पुलिस ने तकनीकि सहायता व मुखबीरों से जानकारी जुटाई तो पता चला कि अरविन्द गुजरात के वडोदरा में रह रहा है जिस पर हेड कांस्टेबल भरत कुमार लबाना, महेशचंद्र, चालक कांस्टेबल भरत कुमार को 25 दिसम्बर को वडोदरा के लिये रवाना किया गया एवं वहां उसे डिटेन कर थाने लाये। अरविन्द से पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीम में थानाधिकारी कपिल पाटीदार, उपनिरीक्षक लक्ष्मणलाल, हैड कांस्टेबल महेशचंद्रर, भरत कुमार लबाना व चालक कांस्टेबल भरत कुमार शामिल रहे।

## महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**डूंगरपुर,** (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र के पोहरी खातुरात गांव में एक महिला ने अपने ही घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।चौरासी थाने के एएसआई जीवनलाल ने बताया कि पोहरी खातुरात निवासी डूंगर डामोर ने रिपोर्ट में बताया कि वह और उसके दो बेटे अहमदाबाद में काम करते हैं। घर पर उसकी पत्नी शांता देवी और बेटी रहती है। उसकी बेटी का फोन आया कि उसकी मां शांता देवी ने घर में खुद की साडी से फँदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर अहमदाबाद से घर पहुंचा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सुपुर्द किया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दोपहर में हल्की बूंदाबांदी

**डूंगरपुर,** (निसं)। पिछले तीन दिनों से चल रहे सर्दी के सितम से एक बार फिर राहत मिलने के कोई आसार नहीं है। गुरूवार प्रातः से ही आकाश में बादलों का जमावडा हो गया था। तथा दिन भर धूप छाव की स्थिति के साथ साथ तेज हवाओं का दौर भी चलता रहा। जिसके चलते एक बार फिर सर्दी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं आ रहे है और शाम ढलने के साथ ही सर्दी के तीखे तेवरों का प्रकोप बढ गया तथा दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी भी हुई। विगत तीन दिनों से लगातार पहली बार वागड अंचल में पारा 10 डिग्री से कम तक रात्रि को चला जाता है जिसके कारण सामान्य जन जीवन पूरी तरह लडखडा गया था जहां सूरज ढलने के साथ ही सडकों पर विरानी छाने लग जाती थी और अलावा का दौर शुरू हो जाता था। तेज सर्दी के चलते बाजारो में सर्दी से बचाव के लिए ऊनी वस्त्र व अन्य संसाधनों की बिक्री भी जोरों से हो रही थी। तो वही दूसरी ओर सूखे मेवों व अन्य खाद्य वस्तुओं की बिक्री भी अपने पूरे यौवन पर थी। गुरूवार को एक बार फिर हुए मावठ ने आगामी दिनों में सर्दी से मिलने वाली राहत के आसारों को धुमिल कर दिया।

## गांधी के आदर्शों को अपनाने की शपथ ली

**कपासन,** (निसं)। कपासन नगर कांग्रेस ने महात्मा गांधी के 26 दिसंबर 1924 को कांग्रेस पार्टी का पहली बार अध्यक्ष बनाने की आज 100 वी वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान महात्मा गांधी के आदर्शों को अपनाने की शपथ ली। नगर कांग्रेस प्रवक्ता विजय बारेगामा ने बताया कि नगर कांठोस अध्यक्ष शंकर लाल प्रजापत के नेतृत्व में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी को पहली बार कांग्रेस पार्टी का बेलगांव में गुलाम भारत के कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अध्यक्ष बनाया इन्होंने अपना पूरा जीवन भारत देश के नाम करके भारत देश को सभी क्रांतिकारियों को साथ में लेकर ईस्ट इंडिया कंपनी से आजाद कराया। इस अवसर पर कपासन पूर्व नगर अध्यक्ष व समन्वयक हिमांशु बारेगामा पूर्व अध्यक्ष हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, वरिष्ठ कांठोस नेता लक्ष्मी नारायण व्यास सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजस्व मंत्री आज राजसमंद में

**राजसमंद,** (निसं)। प्रदेश के राजस्व मंत्री हेमंत मीणा शुक्रवार को दोपहर 12 बजे अणुव्रत विश्व भारती सभागार में आयोजित स्वामित्व योजना के जिला स्तरीय समारोह में शिरकत करेंगे तथा लाभार्थियों को पट्टा वितरण करेंगे। इस दौरान राज्य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

# सूने मकान से लगभग 3 लाख के नकदी व आभूषण चोरी

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थानान्तर्गत शहर के अम्बेडकर हरिजन बस्ती में अज्ञात बदमाशानों ने परिषद के एक सफाई कार्मिक के घरों को निशान बनाते हुए लगभग 3 लाख रूपये के नकदी व सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले जाने में सफल रहे। परिवार जन गुरूवार को जब वापस लौटे तब घर की खिडकी का दरवाजा टूटा हुआ देखकर उनके होश उड गये और घर के अन्दर प्रवेश कर अलमारी टूटी हुई पाई गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के अंबेडर कॉलोनी निवासी राजू पत्नी विजय हरिजन ने बताया को दो दिन

- **परिवार अपनी बहिन के लोकाचार में गया हुआ था**



सूने मकान में चोरी की वारदात के बाद बिखरा पड़ा सामान।

पहले सराडा गांव बडी बहन योशिदा को मौत होने पर राजू, विजय और बेटी चंद्रकांता को लेकर सराडा गांव गए हुए थे। पूछे से बदमाशो ने घर के अंदर खिडकी तोडकर अंदर दाखिल हुए। बदमाशो ने घर के अंदर अलमारी का लॉक तोडकर अलमारी का खोलकर अंदर रखे करीब एक लाख केश और बेटी के शादी के रखे सोने चांदी करीब दो लाख रुपए के जेवरात चुराए कर ले गए। गुरुवार देर शाम को राजू और उकसा पति विजय हरिजन बेटी चंद्रकांता तीनों घर लौटे तो देखा घर की खिडकी टूटी हुई थी। अंदर जाकर देखा तो अलमारी टूटी हुई थी अन्दर अलमारी खुली हुई थी। अन्दर सामना पूरी तरह बिखरा हुआ था। चोरों ने सोने चांदी जेवरात सहित एक लाख रुपए कैश चोरी कर ले गए। सवा तोला सोने के कान के झुमके, चांदी पायजेब आधा किलों, दो अंगूठी, चार-चार ग्राम की अंगूठी, अन्य सोने चांदी जेवरात चुरा कर ले गए। पीडित ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मौका मुआवना कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

## प्रतियोगिता का समापन

**डूंगरपुर,** (निसं)। गलियाकोट में डॉ.भीमराव अम्बेडकर यादव युवा संगठन वागड चौरासी के तत्वावधान मे यादव समाज गलियाकोट की ओर से शीतकालीन क्रिकेट एवं बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गलियाकोट के माहीसागर खेल मैदान मे हुआ। आयोजन समिति के मनमोहन गलियाकोट ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष का आयोजन यादव समाज गलियाकोट द्वारा किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दरगाह कमेटी के शेख आमिर भाई, विशिष्ट अतिथि मे उपसरपंच हारून शेख, यादव युवा संगठन के संरक्षक नारायणलाल नोलियावाडा, समाजसेवी अब्दुल समद शेख, शमशेर भाई, खोजेमा भाई मुस्लिम समाज के सदर ईदरीस भांइ, रईस भाई, नटवरलाल नोलियावाडा, अमृतलाल घुवेड, विनोद गरियाता, गलियाकोट के जगमोहन, छगनलाल, कुरीचंद, कन्हैयालाल, मोहनलाल, रमेश अमराजी, डॉ लोकेश मांगीलाल आदि रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ किया।

इस उपरांत अतिथियो का गुलदस्ता, शॉल व उपारना ओढाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रकम के प्रारभं में कार्यक्रकम के गलियाकोट में आयोजन को लकेर समस्त समाज का स्वागत उद्बोधन दीपक गलियाकोट द्वारा किया गया। कार्यालय को समाज के मंचासीन अतिथियो ने संबोधित किया।

# प्रोपर्टी डीलर व साथियों का अपहरण, एक करोड़ की फिरौती मांगी

**उदयपुर,** (कासं)। सविना थाना क्षेत्र में एक प्रोपर्टी डीलर ने कुख्यात अपराधी इमरान कूंजडा व उसके साथियों के खिलाफ उसका व उसके दो अन्य साथियों का अपहरण कर उदयपुर से राजसमंद ले जाकर रास्ते में चाकू व पिस्टल दिखाकर एक करोड की फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार मो. एजाज पुत्र मो. मुमताज निवासी यूआईटी कॉलोनी सेक्टर 12 ने मामला दर्ज करवाया कि 25 दिसम्बर को वह अपने ऑफिस जस्टा होटल के पीछे बैठा था, उस समय उसके पास इमरान कूंजडे का व्हाट्स एप्प कॉल आया कि उसके किसी आदमी को सविना में प्लॉट चाहिए और वह उसे उसके पास भेज रहा है। उसके बाद करीब 1 बजे उसके पास व्हाट्सएप पर किसी अन्य व्यक्ति का फोन आया कि उसे इमरान ने प्लॉट देखने के लिये भेजा है। वह उसके ऑफिस के बाहर एक्टिवा पर बैठ कर आए। उसके साथ ऑफिस में उसका पार्टनर मुस्तफा और मो. इस्माईल के साथ इन दोनो को पलोदडा हाउस के सामने प्लॉट दिखाए। ये इनकी गाडी बैठे कर पलोदडा हाउस के सामने प्लॉट दिखाने ले गए। वो दोनो एक्टिवा पर बैठे कर आए थे। प्लॉट दिखाने पर उन्होने कहा कि यह उन्हें पसंद नही आया और इन्हें प्लॉट एसबी नगर में लेना है। उस पर ये उनको एसबी नगर लेकर गए, वहां उन्होने प्लॉट देखकर बोला की उनकी कोई जमीन मेलडी माता गेट के

- **कुख्यात अपराधी इमरान कूंजडा व साथियों के खिलाफ मामला दर्ज**

अंदर पडी हुई है उसको बेचनी है। यह कहकर वे दोनो इन तीनों को मेलडी माता के अन्दर जमीन दिखाने ले गए। वहां पहुंचने पर इनकी गाडी के आगे इमरान कूंजडा व उसके 4 साथी थार से उतरकर इनके पास आए और बोला कि यह जमीन उसी की है। उतर कर देख लो वे तीनों जैसे ही गाडी से उतरे तो इमरान कूंजडा जमीन दिखाने लगा और एजाज को बोल कि गाड़ी में बैठकर रेट की बात करते है। यह कहकर ईमरान कूंजडा ने प्रार्थी एजाज और मुस्तफा को थार में बैठाया। इमरान ने एजाज और उसके साथी से मोबाईल छीन उन्हें चुपचाप बैठने के लिए कहा और ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद प्रार्थी एजाज के अन्य साथी मो. इस्माईल को धमकाकर एजाज की क्रेटा में बैठने के लिए कहा। क्रेटा में इमरान के तीन साथियों को बैठाया। क्रेटा आगे चल रही थी और उसके साथ इमरान कूंजडा व उसका एक अन्य साथी थार लेकर क्रेटा के पीछे पीछे चल रहे थी। दोनों कारें मेलडीमाता गेट से हाइवे होकर बलीचा होकर नया खेडा होकर रामपुरा, बडी, हल्दी घाटी, राजसमंद, आमेट के आगे गाडी रोकी। इमरान ने एजाज को मुंह पर जैकेट ओढने को कहा फिर थोडी जेकेट हटाकर पूछा कि उसे क्यूं ले जा रहे है पता है। इस पर एजाज ने साथ ले जाने की जानकारी होने से मना किया तो इमरान ने कहा कि वह प्रोपर्टी का काम कर रहा है और बहुत कमा रहा है। उसे यह बात कालू एमडी ने बोली है। इमरान ने उससे कहा कि उसे एक करोड रूपए नकद चाहिए और उसके जहां भी प्लॉट है। वह उससे ले लेगा। रास्ते में जगह-जगह पर एजाज को चाकू और पिस्टल दिखाकर बोला वह व्हाट्सकॉल से उसके साले को फोन लगा।

एजाज ने डरकर फोन लगाया और कहा कि उसने कोई सौदा किया है उसे 20 लाख रूपये अभी चाहिए तो साले ने कहा कि उसके पास अभी पैसा नहीं और दूसरे दिन देने के लिए कहा। फिर इमरान कूंजडे ने उससे वापस मोबाईल छीना आर बोला कि वह कहीं से भी पैसा मंगवा नहीं तो वह उसे और उसके साथियों को यही जंगल में मारकर फेंक देगा। साथ ही धमकाया कि वह उसे नंगा करके अश्लील विडियो भी बनाएगा। उसके उसके बार-बार हाथ जोडे और कहा कि अभी उसके पास बिलकुल भी पैसा नहीं है। फिर इमरान ने कहा कि उसे एक ही शर्त पर छोड़ूंगा कि वह उसे दूसरे दिन 11 लाख भिजवाएगा और शेष पैसा एक महिने में देना होगा। यह बात कह कर उसने उसके एक साथी को बोला कि वह इन तीनो को इनके एरिये में छोडकर चला जाना। वो व्यक्ति इन तीनों को सुखाडिया सर्कल के पास छोडकर पैदल भाग गया।

# संगीत संध्या का आयोजन

**डूंगरपुर,** (निसं)। आर्य म्यूजिक एकेडमी द्वारा पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की याद में संगीत संध्या का आयोजन स्थानीय कलाकारों के सानिध्य में किया गया। एकेडमी के प्रबंधक हरिश आर्य ने बताया कि प्रारंभ में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात कलाकारो ने उनके द्वारा गीतों गजलों तथा नगमों की सुन्दर प्रस्तुतियां मध्य रात्रि तक चली जिसमे बडी संख्या में उपस्थित संगीत प्रेमियों ने इसका लुप्त उठाया। इस अवसर पर हितेश चोबीसा, अमरसिंह चौहान,धर्मेश व्यास, कविता आर्य, रूपेश शाह, सोहनलाल यादव, के.के.पण्डया, योगेश जोशी, मोहम्मद शाहीद, सुदेशचन्द्र मेहता, उत्पल जैन, अशोक द्विवेदी, कामिनी, सहित बडी संख्या में कलाकारों ने भाग लिया।

## वर्कशॉप शुरू

**डूंगरपुर,** (निसं)। मंथन स्पेस स्टूडियों में गुरूवार को 10 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, दिल्ली के एलुमनी और प्रसिद्ध थिएटर कलाकार पंकज लोचन मुख्य अतिथि रहे। वर्कशॉप के पहले दिन 20 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

**सार-समाचार**

## शीतलहर ने बढ़ाई ठिठुरन

**राजसमंद,** (निसं)। साल के अन्तिम चरण में चल रहे दिसम्बर माह के आखरी दिनों में सर्दी का असर और भी ज्यादा तेज हो गया है। जिलेभर सहित आस-पास के क्षेत्र में निरंतर सर्दी का असर तेज होता जा रहा हैं। गुरूवार को शहर सहित आस-पास के क्षेत्र में अलसुबह से ही सुर्यदेव के दर्शन नहि होने के कारण आसमान में बादल छाएं रहे, जिसके चलते तेज ठिठुरन और शीतलहर का प्रभाव तेज रहा। जिससे सर्द हवाओं के साथ-साथ सर्दी का भी प्रकोप तेज हो गया। तेज ठण्डी के कारण लोग दिनभर गर्म कपडों में लिपटे दिखे। शहरवासी घर, बाजार हो या दफ्तर सर्दी से हर कोई प्रभावित नजर आया। वहीं, कुछ समय के लिए धूप तो निकली लेकिन धुप का प्रभाव कम होने से लोगों को शीतलहर व सर्दी से राहत नहीं मिल सकी। बादल छाए रहने से ठंड से बचाव के लिए दिनभर शहरवासीयों ने गर्म ऊनी कपडे पहनकर तो कई जगह अलाव जलाकर सर्दी से बचाव करते नजर आए। इस बदलते मौसम के कारण लोगो को मौसमी बिमारियों का सामना करना पड रहा है। जिसमें मुख्यरूप से खाँसी, जुखाम, बुखार सहित अन्य बिमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वहीं, तेज सर्दी के कारण सुबह व शाम के समय बाजार में सन्नाटा दिखाई दे रहा हैं। तेज सर्दी के कारण अधिक्तर लोग जरूरी काम से ही बाजार के लिए निकल रहे हैं। इस दौरान क्षेत्र में शहरवासीयों द्वारा दुकानों व घरों के बाहर अलाव पर हाथ तापते दिखाई दे रहे। वहीं, शहर में सुबह व रात के समय में घना कोहरा जमता दिखाई दे रहा हैं। इस दौरान जिले मुख्यालय स्थित प्रमुख पर्यटन स्थल राजसमंद झील की नौचोकी पाल व ऐरिगेशन पाल पर भी सुबह के समय बहुत ही कम लोग मॉर्निंग वॉक पर आते दिख रहे हैं। बदलते मौसम को देखते हुए आगे आने वाले दिनों में सर्दी और ज्यादा बढने के आसार बने हुए हैं। वहीं, सर्दी का प्रकोप तेज होने से खासकर किसानों को सबसे बडी तकलीफ झेलनी पड रही है। किसानों को अल सुबह अपने खेतों में फसलों की सिंचाई का कार्य करना पड रहा है। इस दौरान मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार अधिकतम तापमान में 3 डिग्री की कमी के साथ 21 डिग्री सेल्सियस रहा।

## 33 गांव नगर निगम सीमा में शामिल

**उदयपुर,** (कासं)। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर नगर निगम क्षेत्र के विस्तार करते हुए उदयपुर शहर के आस-पास की 17 ग्राम पंचायतों को नगर निगम में शामिल किया है। इन 17 पंचायतों के 33 गांव भी नगर निगम में शामिल किए है। शहर की आस-पास की पंचायतों को नगर निगम में शामिल करवाने के लिए उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन लम्बे समय से प्रयासरत थे। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने बताया कि लम्बे समय से उदयपुर नगर निगम क्षेत्र के विस्तार का का प्रयास किया जा रहा था और जिला प्रशासन ने निगम के क्षेत्र के विस्तार के लिए उदयपुर शहर सटी आस-पास की 17 ग्राम पंचायतों को नगर निगम में शामिल करने का प्रस्ताव बनाकर भिजवाया था। जिसके बाद सरकार ने इस प्रस्ताव पर विचार-विमर्श कर 17 ग्राम पंचायतों को निगम क्षेत्र में शामिल करते हुए इन पंचायतों के 33 गांवों को निगम में शामिल किया है। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने इन पंचायतो को निगम क्षेत्र में शामिल करने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है। विधायक जैन ने कहा कि इन पंचायतों को निगम क्षेत्र में शामिल करने से इन पंचायतों में मूल भूत सुविधाओं का विस्तार होगा। राज्य सरकार ने आदेश जारी कर ग्राम पंचायत बडगांव का राजस्व ग्राम बडगांव, ग्राम पंचायत बडी का राजस्व ग्राम हवाला कलां, हवाला खुर्द, ग्राम पंचायत बेदला का राजस्व ग्राम वेदला, बेदला खुर्द, ग्राम पंचायत भुवाणा का राजस्व ग्राम भुवाणा, रूपनगर, ग्राम पंचायत सापेटिया का राजस्व ग्राम सापेटिया, सुखेर ग्राम पंचायत, शोभागपुरा का राजस्व ग्राम शोभागपुरा, रेवारियों का गुडा , रघुनाथपुरा, ग्राम पंचायत सीसारमा का राजस्व ग्राम सीसारमा, ग्राम पंचायत बलिचा का राजस्व ग्राम बलिचा, ग्राम पंचायत डाकन कोटडा का राजस्व ग्राम धोल की पाटी, ग्राम पंचायत सवीना ग्रामीण का राजस्व ग्राम सवीना खेडा, ग्राम पंचायत देवाली का राजस्व ग्राम नेला, जोगी तालाब, देवाली. ग्राम पंचायत तीतरडी का राजस्व ग्राम बिलिया, फान्दा, तीतरडी, गुखर मंगरी, ग्राम पंचायत देबारी का राजस्व ग्राम देबारी, झरणो की सराय, ग्राम पंचायत भोइयों की पंचोली का राजस्व ग्रांम धोलीमंगरी, ग्राम पंचायत बेडवास का राजस्व ग्राम बेडवास व रकमपुरा, ग्राम पंचायत कलडवास का राजस्व ग्राम कलडवास, मनवाखेडा, ग्राम पंचायत कानपुर का राजस्व ग्राम कानपुर, राजस्व ग्राम आयड ग्रामीण, राजस्व ग्राम देवाली फतहपुरा को शामिल किया है।

## 71 परिवारों ने खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाये

**बांसवाड़ा,** (निसं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार सरकारी कर्मचारी, आयकर दाता व चौपहिया वाहनधारकों सहित अपात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना से स्वेच्छा से नाम पृथक कराने के लिये 31 जनवरी तक चलाये जाने वाले अभियान गिवअप के तहत अब तक 71 परिवारों ने अपने नाम हटवाये हैं। जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत चयनित परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी कार्मिक, चौपहिया वाहन धारक, आयकर दाता होने सहित यदि अपात्र की श्रेणी में आता है तो 31 जनवरी तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवा सकता है। इस अवधि तक नाम पृथक करवाने पर कोई विधिक वसूली कार्यवाही नहीं की जायेगी लेकिन 31 जनवरी के पश्चात् विभाग अपात्रों, सक्षम व्यक्तियों को चिह्नित करने के लिये अभियान चलायेगा।

## कबड्डी प्रतियोगिता 29 को

**राजसमंद,** (निसं)। जिला कबड्डी संघ के तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय सब जूनियर बालक व बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बामनिया कला रेलमगरा में रविवार 29 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे आयोजित होगी।

# तमिलनाडु के कावडी कडगम व ओडिशा के संबलपुरी नृत्य ने मन मोहा

**उदयपुर,** (कासं)। शिल्पग्राम महोत्सव के छठे दिन गुरुवार को मुक्ताकाशी मंच पर सैकड़ों लोक कला एवं संगीत प्रेमियों ने विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों और अन्य फोक प्रस्तुतियों का जमकर लुत्फ उठाया। साथ ही, लोक धुनों पर खूब जमकर झूमे।

केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि 'लोक के रंग-लोक के संग'

- **समूचे मुक्ताकाशी मंच पर विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों का सतरंगी संगम दिखा**
- **विदेशी सैलानियों के भी आकर्षण का केंद्र बना महोत्सव, खरीददारी की**

थीम से सजे देश भर की लोक संस्कृति से लबरेज शिल्पग्राम महोत्सव में छठा दिन भी दर्शकों के लिए यादगार बन गया। गुरुवार को मुक्ताकाशी मंच पर तमिलनाडु में देवता मुरुगन (भगवान कार्तिकेय) को रिझाने वाला डांस कावडी कडगम, ओडिशा के पश्चिमी इलाकों में हर पर्व-त्योहार और मांगलिक अवसरों पर होने वाले संबलपुरी नृत्य पर दर्शक झूम उठे। वहीं, मणिपुर के चेरोल जागोई थांग-ता, पश्चिम बंगाल के राय बैंश और नटुआ




शिल्पग्राम के महोत्सव में लोक कलाकारों ने मुक्ताकाशी रंगमंच पर प्रस्तुतियां दी।

(शिव स्तुति) में मार्शल आर्ट का रोमांचक प्रदर्शन देख दर्शक खूब रोमांचित भी हुए। इनके साथ ही मणिपुर का पुंगल ढोल चोलम में पुंग-ढोल की जहां खूबसूरत संगत दिखी, वहीं डांसर्स ने खूबसूरत नृत्य से दर्शकों का दिल जीत लिया।

गुरुवार को पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर के 'शिल्पग्राम महोत्सव' में मुक्ताकाशी मंच पर डांसर्स ने हरियाणवी घूमर और असम के बिहू डांस पर कदमों की खूबसूरत लयकारी दिखाई तो, गुजरात के राठवा और ओडिशा का भगवान जगन्नाथ को समर्पित गोटीपुआ नृत्यों में नर्तकों ने एक्रोबेटिक करतबों के डांस में सम्मिश्रण का बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। इन प्रस्तुतियों से पूर्व कार्यक्रम का आगाज नगाडा वादन, गरासिया डांस वालार, पुरुलिया छाऊ नृत्य और मांगणियार गायन और मारवाडी सफेद आंगी गेर से हुआ। वहीं, सफेद आंगी गेर में चंग की धुन और गेरियों के नृत्य ने दर्शकों को होली पर होने वाली बच्चों की ढूंढ की याद दिला दी। दरअसल, यह गेर किसी भी परिवार के बच्चे की पहली होली पर होने वाली ढूंढ पर की जाती है।

मुक्ताकाशी मंच पर हास-परिहास से परिपूर्ण मुकाभिनय 'माइम' ने दर्शकों को इतना गुदगुदाया कि कुछ ही पलों में लोगों ने कई बार ठहाके लगाए। इसके साथ ही बहरूपिया प्रदर्शन ने भी दर्शकों को खूब हंसाया। केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि गुरुवार को हॉलैंड (नीदरलैंड) की युवतियों जेसिका, कैयरा और युवक रायनियर ने हस्तशिल्पियों के स्टाल्स पर उत्पाद देखे, उन्हें सराहा और खरीदारी भी की। जब उन्हें केंद्र के उप निदेशक पवन अमरावत, सीएल साल्वी (अधीक्षण अभियंता) और दुर्गेश चांदवानी (सहायक निदेशक-वित्त एवं लेखा) ने उत्पादों के संबंध में पूछा तो इन्होंने एक स्वर में कहा- वाओ! दिस इज वेरी नाइस एंड एट्रेक्टिव। इसी तरह न्यूजीलैंड के कपल जोनाथन और यास्मीन ने बहुत खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'वंडरफुल फेस्टिवल, वी आर परचेसिंग मेनी आइटम्स हियर।' शिल्पग्राम के बंजारा मंच पर चल रहे 'हिवडा री हूक' में हर संगीत प्रेमी को अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा मौका मिल रहा है।

## नेमिनाथ मंदिर में सिद्धचक्र पूजा आज

**डूंगरपुर,** (निसं)। श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ के तत्वावधान में तीन दिवसीय भगवान पार्श्वनाथ का दीक्षा कल्याणक महोत्सव गुरूवार को भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ,वही शुक्रवार को सिद्धचक्र महापूजन नेमिनाथ मंदिर में लाभार्थी परिवार कुसुम मेहता के तत्वावधान में आयोजित होगा। वही शनिवार को गिरनार हेतु छरित पालित संघ आचार्य मृदुरत्नसागर जी मुनि रत्नसागर जी एवं पवित्र रत्नसागर जी की निश्रा में पैदल यात्रा संघ का जत्था रवाना होगा। इससे पूर्व घाटी मंदिर से एक शोभायात्रा निकाली जायेगी जो कि शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर पहुंचेगी जहां विविध धार्मिक आयोजन किये जायेंगे।

गुरूवार को तीन दिवसीय महोत्सव के तहत भगवान पार्श्वनाथ का दीक्षा कल्याणक मनाया गया। इस अवसर पर घाटी स्थित पार्श्वनाथ मंदिर में प्रातः भगवान का अभिषेक, दुग्धपक्षाल, केसरपूजा, फूल पूजा आदि के कार्यक्रम के साथ साथ चेत्यवंदन हुआ तथा आरती उतारी गई। इसके पश्चात सकल संघ का लाभार्थी परिवार राजकुमार, रवि कुमार, पुनित कुमार, मांगीलाल मेहता परिवार द्वारा स्वामीवात्सल्य किया गया। शुक्रवार को नेमिनाथ मंदिर में प्रातः पूजा अर्चना के पश्चात पुण्य प्रवचन हॉल में सिद्धचक्र महापूजन विवि विधान के साथ लाभार्थी कुसुम-सूरजमल मेहता परिवार द्वारा किया जायेगा।

# 'भागवत किसी धर्म में नहीं बंधी, यह सबका करती है कल्याण'

**राजसमंद,** (निसं)। पंडित रामपाल शर्मा शास्त्री ने कहा कि भागवत किसी धर्म में बंधी हुई नहीं है। भागवत इसे सुनने वाले प्रतीक व्यक्ति का कल्याण करती है। वे शहर के महावीर नगर में अग्रवाल समाज की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तहत कथा प्रसंग के तहत उद्बोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मनुष्य चाहे तो पशु से ज्यादा गिर सकता है

- **गोशाला के लिए भेंट किए 51 हजार**



राजसमंद में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तहत व्यास पीठ की आरती करते अनुष्ठानकर्ता।

और देवता से ज्यादा ऊंचा उठ सकता है। उन्होंने कहा की भागवत मनुष्य के मां के अंधकार और ज्ञान को दूर करते हुए उसे ऊंचा उठाने का कार्य करती है और सारे संसार को पवित्र करने का कार्य करती है।

उन्होंने आत्मदेव की प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जाति और पांती तो हमने बांटे हैं बाकी मनुष्य स्वयं एक जाती है और उसके कर्म के हिसाब से उसके वर्ण ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि अलग-अलग हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि धन की तीन गति होती है। प्रथम धन से दूसरों की सहायता, दूसरी उपभोग करें और यह दोनों अगर नहीं किया तो तीसरी गति धन का नाश के रूप में होती है। इसलिए इस संसार में कोई तन से तो कोई मन से कोई धन से दुखी है उनकी हर संभव सहायता करनी चाहिए। शास्त्री ने धुंधकारी व गोकर्ण के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि यह संसार अपने-अपने कर्मों से बंधा है। उसी से सुख-दुख आदि मिलता है। हमें कोई और दूसरा ना तो सुख दे सकता है और ना ही दुख दे सकता है। इच्छाओं की अनंतता ही व्यक्ति को दुखी करती है। ऐसे में ईच्छा पर नियंत्रण से सुख प्राप्त किया जा सकता है। भगवान का भजन ही सच्चाई है बाकी सब भ्रम और मिथ्या है। आपका स्वयं का शरीर भी मिथ्या है जिसे एक दिन जाना पडेगा, सच्ची तो सिर्फ आपकी आत्मा है। ऐसे में हमें भागवत का सहारा लेना चाहिए क्योंकि भगवत भक्ति उत्पन्न करती है। भक्ति शक और मोह को दूर करती है। धान की शुद्धि दान से और समय की शुद्धि भगवान को याद करने से होती है। इस दौरान अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष रमेश हरलालका, उपाध्यक्ष महावीर बंसल, प्रमुख सलाहकार गिरीश अग्रवाल, महिला जिलाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, राकेश अग्रवाल सहित समाज के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु मौजूद थे।कथा अनुष्ठानकर्ता जगदीश अग्रवाल ने बताया कि कथा में प्रसंग के अनुसार सरसैया पर लेते भीष्म पितामह की झांकी काफी आकर्षक रही, जिसने श्रद्धालुओं का मनमोहन लिया। इसके साथ ही कथा में प्रसंग के अनुसार बोल सुआ राम-राम मीठी-मीठी वाणी रे, हां तोरा मन दर्पण कहलाए, जग में कोई न सुखिया रे एवं समय को भरोसो कोनी कद पलटी मार जाए... जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्ति नृत्य किए बिना नहीं रह पाए।भागवत कथा के दौरान भगवतीदेवी उदयपुर ने राजसमंद जिले में गोशाला की गायों के लिए 51000 रुपए व्यास पीठ पर भेंट किए। कथा अनुष्ठानकर्ता अग्रवाल ने बताया कि आरती, झांकियां तथा व्यासपीठ पर आ रही समस्त चढावा राशि का लेखा कथा विराम के बाद प्रतिदिन अलग से संधारित किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### साहिबजादों के बलिदान को किया याद

**उदयपुर, (कासं)।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को भाजपा उदयपुर देहात पर जिलाध्यक्ष डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में जाकर मत्था टेका और चार साहिबजादो के बलिदान को याद किया।इस अवसर पर ज्ञानी रंगरेज जी द्वारा शबद कीर्तन एवं गुरु वाणी का वाचन का किया गया ।गुरुद्वारा प्रधान देवेंद्र सिंह पाहवा ने चार साहिबजादो के बलिदान के बारे में बताते हुए कहा की विश्व इतिहास में बाल्यावस्था में शौर्य, साहस और दृढता की ऐसी अद्वितीय अमर वीरगाथा कहीं और नहीं मिलती जिसमें 6 और 8 वर्ष की आयु के छोटे साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए स्वयं को शहीद कर दिया। गुरु गोबिंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों की यह शहादत धर्म रक्षा के लिए दी गई शहादत का अभूतपूर्व उदाहरण है। धर्म त्याग करने पर सब कुछ दिए जाने का प्रलोभन या इसे नहीं मानने पर अमानवीय यातनाएं झेलते हुए मृत्यु के विकल्प में से छोटे साहिबजादों ने शहीद हो जाने का ही संकल्प लिया। उन्हें चुनवा देने के लिए उठाई जा रही श्खूनी दीवार के सामने निडर खडे दोनों छोटे साहिबजादों ने जपुजी का पाठ करते हुए अपना सर्वस्व राष्ट्र, संस्कृति और धर्म के लिए समर्पित कर दिया।प्रधान ने कहा की सरबंस दानी गुरु गोविंद सिंह ने 21 से 27 दिसम्बर के सात दिनों में अपने चार पुत्रों और माता को देश और धर्म के लिए समर्पित कर दिया था। जिलाध्यक्ष डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने कहा आजाद भारत में महान दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह और उनके साहिबजादो के बलिदान के इतिहास को सरकारों द्वारा छुपाया गया ।पहली बार देश में पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुओं और चार साहिब जादो के त्याग की महान परंपरा को स्मरण करने हेतु वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया।आज बालको और युवा पीढी को चार साहिबजादो के बलिदान और त्याग की भावना से संस्कारित और पोषित करने की आवश्यकता है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान द्वारा जिलाध्यक्ष डा चंद्रगुप्त सिंह चौहान को सरोपा साहब भेट कर सम्मान किया।

### सांसद रावत ने सुशीला से की मुलाकात

**उदयपुर, (कासं)।** क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जहीर खान द्वारा प्रशंसा के बाद चर्चित हुई आदिवासी प्रतिभा सुशीला मीणा और उसके परिजनों से गुरुवार को सांसद डॉ.मन्नालाल रावत भी उसके गांव रामेर तालाब पिपलिया जाकर मिले। सांसद ने उसके साथ क्रिकेट भी खेला और बॉल पकडने की उसकी ट्रिक के बारे में भी पूछा। सांसद रावत गुरुवार सुबह प्रतापगढ जिले की धरियावद तहसील के गांव रामेर तालाब पिपलिया पहुंचे। स्कूल की छुट्टियां होने से सुशीला मीणा घर पर ही अपने अभिभावकों के साथ थी। सांसद ने सुशीला और उसके माता पिता का शॉल ओढाकर सम्मान किया और कहा कि आज सुशीला की वजह से पूरा आदिवासी समाज गौरवान्वित हो रहा है। सांसद को उसके पिता ने बताया कि गांव में और आसपास इन दिनों सुशीला की ही चर्चा है। जब से सुशीला का वीडियो वायरल हुआ है तब से वह गांव की चहेती बन गई है। सांसद ने परिवारजनों से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि सुशीला की आगे की पढाई अच्छे विद्यालय में करवाने के साथ ही उसे अच्छी क्रिकेट अकादमी में प्रवेश दिलवाया जाएगा, ताकि गांव की यह बच्ची अपनी प्रतिभा को निखार सके। उन्होंने ग्रामीणों को भी भरोसा दिलाया कि स्कूल के विस्तार और अच्छा मैदान विकसित करने का प्रयास करेंगे ताकि वहां सुशीला और उसके जैसे दूसरे बच्चे भी प्रेक्टिस कर सके। सांसद रावत ने सुशीला के घर पास ही उसके साथ क्रिकेट खेला और फिर बॉल पकडने की ट्रिक के बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसको किसी ने सिखाया नहीं है, बस देखकर सीख गई।

### लेकसिटी में छाया रहा कोहरा

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में दूसरे दिन गुरुवार को भी कोहरा छाया रहा । सूरज नहीं निकला, सुबह से ही सर्द हवाएं ठिठुरन का एहसास कराती रही। हालांकि बुधवार की अपेक्षा गुरुवार को अधिकतम तापमान में 2.5 तथा न्यूनतम तापमान में 1.4 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई लेकिन घने कोहरे के कारण सुबह 7 बजे विजिबिलिटी 800 मीटर थी। जो 9 से 10 बजे तक महज 500 मीटर रह गई। लेकसिटी में सामान्यतया दिसंबर में अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम 8.8 डिग्री होता है लेकिन गुरुवार को दिन का तापमान 21.3 डिग्री और रात का 14.0 बना हुआ है। लोग सर्दी से बचने के लिए अलाव तापते दिख रहे हैं तो कहीं ऊनी कपडे व जैकेट पहनकर बचाव करते नजर आ रहे हैं।इधर सर्दी के उपरांत भी झीलों की नगरी में सैलानियों का सैलाब जारी है जिसके कारण पर्यटन स्थलों पर रौनक छाई हुई है बाजारों में भी पर्यटकों द्वारा खरीददारी से व्यापरियों के चेहरे खिले हुए है । मौसम विभाग की माने तो राजस्थान में फिर से बारिश का दौर शुरू होगा। नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के कारण 26 और 27 दिसंबर को पूरे प्रदेश में बादल छाएंगे। मौसम विभाग ने प्रदेश के करीब 22 जिलों में कोहरा छाने और दिन में हल्की धुंध.बादल छाने की संभावना जताई थी। लेकसिटी भी में भी इसका असर देखा जा रहा है। यहां भी कोहरा और शीतलहर के कारण जन जीवन पूरी तरह प्रभावित है।

### कुलपति कृषि शिक्षा समिति में नामित

**उदयपुर, (कासं)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) और राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के साथ संरेखित करते हुए, स्टैंडअलोन संस्थानों के साथ-साथ कृषि विश्वविद्यालयों में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के लिए कृषि और संबद्ध विषयों के विभिन्न वर्गों के लिए एक सामान्य पाठ्यक्रम और अध्ययन सूची तैयार करने के लिए गठित कोर कमेटी में का सदस्य नामित किया है। यह समिति दो महीने के भीतर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। स्मरणीय रहे कि डॉ. कर्नाटक के नेतृत्व में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि ने इसी वर्ष के आरम्भ में आईसीएआर की छठी डीन समिति द्वारा तैयार पाठ्यक्रम प्राप्त होने के तुरंत बाद एमपीयूएटी में एनईपी 2020 को लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी। इससे पूर्व भी डॉ. कर्नाटक को राजस्थान के सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में एनईपी के प्रावधानों को लागू करने हेतु दिशा निर्देश तैयार करने के लिए प्रादेशिक समिति में राज्यपाल द्वारा सदस्य नामित किया गया था। विविके सभी हर्षित प्राध्यापकों ने इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय समिति के सदस्य के रूप में उत्तरदायित्वों के निर्वहन में कुलपति को पूर्ण सहयोग करने का मन्तव्य व्यक्त किया है।

### 40 से अधिक अनाधिकृत कट किए बंद

**उदयपुर, (कासं)।** परिवहन एवं सड़क मंत्रालय के निर्देशानुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण उदयपुर के परियोजना निदेशक हरिश चन्दा के निर्देशन में हाइवे पर अनाधिकृत रूप से बनाए कट बन्द करने के लिए तीन दिवसीय अभियान चलाया गया। जिला कलक्टर उदयपुर एवं चित्तौड़गढ़ द्वारा दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आमजन की सुरक्षार्थ इन अनाधिकृत कटों को बंद करने के लिए प्राधिकरण को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में प्राधिकरण की टीम में उचित एक्सप्रेस के साथ अभियान चलाकर मार्ग में होटल, पेट्रोल पम्प एवं सर्विस रोड के आस-पास अनाधिकृत रुप से बनाए गये कट बन्द किये गये। उचित एक्सप्रेस वे के प्रोजेक्ट हेड सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत 93.4 कि.मी. में लगभग होकर जो तीन दिन लगभग 40 से अधिक कट बन्द किये गये। इस अभियान में एनएचएआ नवनीत चौधरी, वीरेन्द्र, उचित एक्सप्रेस वे के की इन्तजार हुसैन, संतोष सिंह, कार्तिक, दिलीप, नितिन, नरेन्द्र, संजय शर्मा स्वंतत्र, तिवारी, हिमालय आदि कामिर्कों की भागीदारी रही।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** 5 राज गर्ल्स एनसीसी द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर का आयोजन भूपाल नोबल्स संस्था के कैंपस में 23 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन सिंह रावत ने बताया शिविर में द्वितीय दिवस आशु भाषण (एक्सटेंपोर स्पीच) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा राजस्थान निदेशालय के सभी विंग के कैडेट्स ने हिस्सा लिया, सामान्य ज्ञान तथा करंट अफेयर्स पर आधारित विषयों पर सभी कैडेट्स ने अपने विचार प्रकट किए।

### राठौड़ को पीएचडी की उपाधि

**उदयपुर, (कासं)।** राम सिंह राठौड को "मेवाड़ प्रशासन में जागीरदारों एवं प्रमुख ऐतिहासिक घरानों की भूमिका" (18वीं-20वीं शताब्दी) विषय में पेसिफिक विवि सामाजिक एवं मानवीकी संकाय से पीएचडी की उपाधि मिली। यह शोध कार्य विवि के इतिहास विभाग के प्रो.अजातशत्रु सिंह राणावत के मार्गदर्शन में किया गया।

# राजस्थान युवा महोत्सव में दिखाई सांस्कृतिक व सृजनात्मक प्रतिभा



युवा महोत्सव समारोह को ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ( बाएं ) ने संबोधित किया।

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान युवा बोर्ड के तत्वावधान में जिला स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव-2024 गुरूवार को जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देशन में नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच सभागार में हुआ। इसमें ब्लॉक स्तरीय स्पर्धाओं में अव्वल रहे जिले भर के युवाओं ने सांस्कृतिक और सृजनात्मक प्रतिभा का

■ **विधायक जैन व मीणा ने युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और सृजन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का आव्हान किया**

प्रदर्शन किया। जिला स्तर पर प्रथम रहे प्रतिभागी आगामी समय में प्रस्तावित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग तथा नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का उद्घाटन समारोह सुखाड़िया रंगमंच सभागार में उदयपुर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, एडीएम सिटी वारसिंह, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक रंजना कोठारी तथा मुख्य जिला शिक्षाधिकारी महेंद्रसिंह जैन के आतिथ्य में हुआ। संयुक्त निदेशक कोठारी, सीडी ओ जैन आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक जैन एवं मीणा ने युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और सृजन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि युवा भारत की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में सहायक निदेशक डॉ दिनेश बंसल, जिला शिक्षाधिकारी ननिहालसिंह चौहान, एडीईओ मुरलीधर चौबीसा सहित विभिन्न ब्लॉक शिक्षाधिकारीगण, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी तथा कला क्षेत्र से जुड़े से जुड़े लोग, प्रतिभागी आदि उपस्थित रहे। संचालन चेतन औदिच्य, किरणबाला भट्ट एवं रणवीर सिंह राणावत ने किया। युवा महोत्सव के तहत कुल 22 तरह की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक स्पर्धाएं प्रस्तावित थी। इनमें से उदयपुर जिले में 19 प्रतियोगिताएं जिला स्तर पर आयोजित हुई।

# श्रीमाली ओलंपिक आज से

**उदयपुर, (कासं)।** श्री श्रीमाली समाज संस्था मेवाड़ द्वारा श्रीमाली ओलंपिक टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को आगाज होगा।

इस प्रतियोगिता में राजस्थान के अलावा गुजरात और महाराष्ट्र की टीमें भी शामिल हो रही है। कुल 12 टीम प्रतियोगिता में शामिल हैं, जिसमें प्रत्येक मैच 8 ओवर का होगा और यह प्रतियोगिता टेनिस बॉल से खेली जाएगी। यह क्रिकेट टूर्नामेंट श्रीमाली समाज के खेल महाकुंभ श्रीमाली ओलंपिक के पहले चरण का पार्ट होगा। श्रीमाली ओलम्पिक कुल 4 चरण मे होगा जिसमे टेनिस क्रिकेट वर्ल्डकप, फुटबॉल, कबड्डी , एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबाल वर्ल्डकप, टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। मेवाड पुर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड, विधायक ताराचंद जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा भी बतौर अतिथि मौजूद रहेंगे।श्रीमाली समाज मेवाड़ के खेल मंत्री मयंक श्रीमाली ने बताया कि प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के मुंबई और पुणे, गुजरात के सूरत के अलावा 6 टीम मेवाड़ से और एक-एक टीम पाली, वागड़ और जालौर से शामिल हो रही है। इन सभी टीमों द्वारा अपनी-अपनी सहमति आयोजकों को दी गई।


प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**

सं. 6403-04 दिनांक :26/12/2024

**लोक-सूचना**

श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व.श्री शिवनारायण पालीवाल, श्री जितेन्द्र पालीवाल पुत्र श्री शिवनारायण पालीवाल, पूजा पालीवाल पुत्री शिवनारायण, हेमलता पालीवाल पुत्री श्री शिवनारायण निवासी धोरा मोहल्ला कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द एवं निर्मला जोशी पुत्री श्री शिवनारायण पालीवाल पत्नी श्री दिलीप जोशी निवासी धोरा मोहल्ला कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द हाल मुकाम मकान नम्बर 57/2 वार्ड नम्बर 03 संजीत नाका गली नम्बर 02 मयूर कॉलोनी मंदसौर मध्यप्रदेश द्वाराइस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | हवाला | 46/02 | रकबा 0.0089 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 26/12/2024 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द**



प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद, राजसमन्द**

सं.6405-06 दिनांक :26/12/2024

**लोक-सूचना**

श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व.श्री शिवनारायण पालीवाल, श्री जितेन्द्र पालीवाल पुत्र श्री शिवनारायण पालीवाल, पूजा पालीवाल पुत्री शिवनारायण, हेमलता पालीवाल पुत्री श्री शिवनारायण निवासी धोरा मोहल्ला कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द एवं निर्मला जोशी पुत्री श्री शिवनारायण पालीवाल पत्नी श्री दिलीप जोशी निवासी धोरा मोहल्ला कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द हाल मुकाम मकान नम्बर 57/2 वार्ड नम्बर 03 संजीत नाका गली नम्बर 02 मयूर कॉलोनी मंदसौर मध्यप्रदेश द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | हवाला | 44<br>42 | रकबा 0.0202 हैक्टेयर<br>रकबा 0.3723 हैक्टेयर किता 02 कुल रकबा 0.3925 हैक्टेयरमें से 0.0462 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 26/12/2024 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर परिषद, राजसमन्द**


# पिम्स अस्पताल व 185 सैन्य अस्पताल के बीच एम.ओ.यू.



सैन्य अस्पताल और पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के बीच एमओयू हुआ।

**उदयपुर, (कासं)।** काफी समय से पिम्स अस्पताल अपने देश के वीर सैनिकों व उनके परिवार का बखूबी इलाज कर रहा है जिसके तहत 185 सैन्य अस्पताल और पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स अस्पताल) उमरडा उदयपुर के बीच गुरूवार को एमओयू साइन हुआ।

एमओयू पर पिम्स अस्पताल के चेयरमैन अशीष अग्रवाल, नमन अग्रवाल मैनेजिंग डायरेक्टर व मेडिकल डायरेक्ट डॉ. कमलेश के. शेखावत और 185 सैन्य अस्पताल के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मुकुल गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। समझौते का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, मानव निर्मित संकटों और युद्ध के समय स्वास्थ्य सेवा संसाधनों को साझा करना है। इससे आपातकालीन स्थिति में भारतीय सेना की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकेगा। एमओयू साइन के दौरान डॉ. देवेन्द्र जैन रजिस्ट्रार, प्रोफेसर डॉ. प्रशांत नाहर प्रेसिडेंट, डॉ कमलेश के. शेखावत मेडिकल डायरेक्ट, प्रतीक अग्रवाल, कैप्टन नवीन यादव, जय प्रकाश त्यागी, अनुराग जीनगर आदि मौजूद रहे। आर्मी और पिम्स के बीच कॉर्डिनेशन का कार्य जयप्रकाश त्यागी रेडियोलॉजी इंचार्ज ने किया। इस अवसर पर पिम्स अस्पताल के चेयरमैन अशीष अग्रवाल, चेयरपर्सन शीतल अग्रवाल, नमन अग्रवाल मैनेजिंग डायरेक्टर, ने कहा कि ये हमारे अस्पताल के लिए बहुत गर्व की बात है।

## पुलिस की स्पेशल टीम का पुनर्गठन

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर एसपी ने पुलिस की स्पेशल टीम का गुरूवार को पुनर्गठन कर दिया। इस बार टीम का प्रभारी पुलिस निरीक्षक श्याम सिंह को बनाया गया। इस टीम में कुछ सदस्य नए है और शेष सभी सदस्य पुरानी टीम के ही है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर जिले की पुलिस की स्पेशल टीम को अवैध वसूली की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने भंग कर दिया था और सभी को पुलिस लाईन में रवाना कर दिया था। इसके बाद से ही स्पेशल टीम में कोई नहीं था और लम्बे समय से इसके गठन की प्रक्रिया चल रही थी। एसपी योगेश गोयल ने गुरूवार को फिर से स्पेशल टीम का गठन कर दिया। नवगठित इस टीम में एसपी ने एएसआई विक्रम सिंह, हैड कांस्टेबल गणेश सिंह, जगदीशचंद्र, कमलेंद्र सिंह, योगेश कुमार, करतार सिंह, श्रवण कुमार, हितेन्द्र सिंह, भँवरलाल, कांस्टेबल कमलेश कुमार, सुमेर सिंह, सुमित यादव, मुकेश छबरवाल, जितेन्द्र दीक्षित और शक्तिसिंह को शामिल किया है। इस टीम के प्रभारी पुलिस निरीक्षक श्याम सिंह है, जो वर्तमान में अपराध सहायक है। साथ ही एएसपी सिटी इस डीएसटी की नई टीम के कामों की मॉनिटरिंग करेंगे।


**कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.फ.स./स्टोर/2024-25/1860 दिनांक :- 24/12/2024

**ई निविदा सूचना**

नगरपालिका फतहनगर सनवाड द्वारा वार्षिक अनुबन्ध 2024-25 हेतु निम्नांकित कार्यो के लिए पंजीकृत ठेकेदारो एवं अन्य विभागो के निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत नियमानुसार योग्य संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद ई निविदाये आंमत्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण पोर्टल sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| कुल कार्य | 2 |
| कार्यो की कुल लागत | 50.00 लाख |
| ऑनलाईन फार्म मिलने / डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 26.12.2024 प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 07.01.2025 साय 06.00 बजे तक |
| ऑनलाईन फार्म जमा कराने की दिनांक | दिनांक 26.12.2024 प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 07.01.2025 साय 06.00 बजे तक |
| ऑफलाईन निविदा शुल्क, धरोहर, दस्तावेज जमा कराने की अंतिम दिनांक | दिनांक 08.01.2025 प्रातः 11.00 बजे तक। |
| ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 08.01.2025 दोपहर 02.00 बजे से। |
| ऑनलाईन वित्तिय निविदा खोलने की दिनांक | तकनीकी अर्हता रखने वाले की वित्तिय निविदा खोली जावेगी। |
| युबीएन कोड | DLB2425SLOB13769, DLB2425SLOB13770 |

राज.संवाद/सी/24/9577

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका फतहनगर सनवाड


## पोस्टर का विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।।** उदयपुर रेंज पुलिस तथा यूनिसेफ के सहयोग से बाल संरक्षण संबंधित जागरूकता के लिए संचालित कार्यक्रम पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम अंतर्गत बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम विषयक पोस्टर का विमोचन उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीना ने किया।

उन्होंने बताया कि बाल भिक्षावृत्ति बालकों के सर्वांगीण विकास में बाधक है। बाल भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए कार्ययोजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। व्युनिसेफ की बाल संरक्षण सलाहकार सिन्धु बिनुजीत ने बताया कि रेंज पुलिस और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किए जा रहे कार्यक्रम अंतर्गत बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों पर समय-समय पर जागरूकता सामग्री का विकास किया जाता है।

# होटल के बाथरूम में बंद हुआ पंचायत समिति सदस्य

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सबसिटी सेंटर पर स्थित एक होटल में बुधवार देर रात्रि को हंगामा हो गया। मानसिक रूप से परेशान एक युवक आधी रात को दौडता हुआ इस होटल में घुस गया और अपने आप को एक बाथरूम में बंद कर दिया।

बाद में पुलिस मौके पर आई और दरवाजा तोड कर बाहर निकाला और परिजनों के सुपुर्द किया। युवक भूपालसागर पंचायत समिति का सदस्य है। परिजनों का कहना है कि इस युवक पर किसी ने टोना-टोटका कर रखा है, इसी कारण यह मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सबसिटी सेंटर पर स्थित होटल

■ **पुलिस ने दरवाजा तोडकर निकाला**

प्रज्ञा में बुधवार रात्रि को एक युवक भागता हुआ आया और होटल एक कमरे में जाकर बैड पर पडे गद्दे को उठाया और उसे लेकर बाथरूम में घुस गया और बाथरूम को भी अंदर से बंद कर दिया।

अचानक हुई इस घटना से होटल के कर्मचारी हैरान-परेशान हो गए और उन्होंने दरवाजा खुलवाने की कोशिश की। लेकिन अंदर बंद व्यक्ति ने दरवाजा नहीं खोला। होटल स्टाफ ने हिरणमगरी थाना पुलिस को सूचना दी, जिस पर थाने व रात्रिकालीन गश्त कर रहा जाब्ता भी होटल पहुँचा और दरवाजा खोलने का प्रयास किया पर दरवाजा नहीं खोला। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मजबूरन पुलिस को दरवाजा तोडना पडा। जिसके बाद उस व्यक्ति को बाहर निकाला गया।

इस दौरान इस युवक के परिजन भी आ गए और पुलिस ने इस युवक को इसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि होटल के कमरे में अचानक खुद को बंद करने वाला व्यक्ति चित्तौडगढ जिले के भूपालसागर पंचायत समिति का सदस्य मुकेश गाडरी है। जिसकी मानसिक स्थिति सही नहीं है। यह युवक कभी भी घर से चला जाता है और कई-कई दिनों तक यह वापस नहीं आता है।


विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली के सौजन्य से आयोजित

**राज्य स्तरीय गाँधी शिल्प बाजार**

दिनांकः 22 दिसम्बर, 2024 से 31 दिसम्बर, 2024 तक
समयः सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक

स्थानः पी एमश्री राजकीय फतह उच्चमाध्यमिक विद्यालय, उदयपुर, राजस्थान

देश के ख्याति प्राप्त शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री में आप सादर आमंत्रित है


कलकत्ता की साड़ी, गुजराती पैच वर्क की चादरें, कारपेट, हैण्डलूम हैण्डीक्राफ्ट, सौन्दर्य उत्पाद, इंटीरियर्स

फर्नीचर, लहंगा, चुनरी, साड़ी व डिजाइनर सूट, लाख ज्वैलरी व कड़ा, कॉटन शर्ट व खादी कुर्ता, ड्राई फ्लावर, बेडशीट फर्नीचर इत्यादि।



आयोजकः- पाण्डेश्वर जन कल्याण संस्थान, प्रयागराज, उ.प्र.


# जल स्त्रोत व प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जरूरी : के.के. गुप्ता



के. के. गुप्ता

**जयपुर/उदयपुर/डूंगरपुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक और नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति के.के. गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके अवगत कराया है कि हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए उपलब्ध जल स्त्रोत और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना बहुत आवश्यक है क्योंकि वर्तमान में हो रही ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के कारण पर्यावरण का तंत्र बिगड़ चुका है जिस कारण हम देख रहे हैं कि कम वर्षा वाले क्षेत्रों में ज्यादा वर्षा हो जाती है वहीं नमी वाले क्षेत्रों में अल्पवृष्टि हो रही है।

गुप्ता ने बताया कि हमारे जल स्त्रोतों में सबसे मुख्य रूप से जल वर्षा ऋतु के समय आता है। किसी गांव अथवा शहर के पास से प्रवाहित होने वाली नदी में ज्यादा जल वर्ष के समय ही आता है और यदि कहीं पर तालाब अथवा प्राचीन बावड़ी बनी हुई है वहां जलभराव भी वर्षा जल से ही होता है। इस कारण से हमें वर्षा के जल के महत्व को समझते हुए इसे सुरक्षित करते हुए वैज्ञानिक पद्धित के अनुसार उपाय करने चाहिए।गुप्ता ने बताया कि हाल ही में आयोजित हुए राइजिंग राजस्थान सबमिट में मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वक्तव्य में यह आव्हान किया कि जल स्त्रोतों का संरक्षण किया जाना चाहिए। राजस्थान प्रदेश का बहुत बड़ा भूभाग रेगिस्तानी है जहां पर वर्षा बहुत कम होती है लेकिन इन विकट परिस्थितियों में भी वहां जनता निवास करती है और प्राचीन पद्धति के अनुसार वहां जल का संचय किया जाता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान

■ **सरकारी भवन और मकान को वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट से जोड़ा**

2.0 के रूप में पुनः प्रारंभ किया गया है। इनमें जल संग्रहण एवं संरक्षण ढांचों का निर्माण, परम्परागत पेयजल एवं जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना, गांव में पीने के पानी की कमी को दूर करना, भू-जल स्तर में वृद्धि करना एवं गिरते भू-जल के स्तर को रोकना, वर्षा जल संठाहण एवं संरक्षण कर सिंचित एवं कृषि योग्य क्षेत्रफल को बढ़ाना, जल एवं मृदा संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा सघन वृक्षारोपण कर हरित क्षेत्र को बढ़ाना है।गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2015 से 2020 तक नगर परिषद डूंगरपुर बोर्ड में उनके सभापति कार्यकाल के दौरान तत्कालीन वसुंधरा राजे सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण करना रहा। हमारे द्वारा इस अभियान के तहत डूंगरपुर नगर में बनी हुई रियासत काल की बावड़ियों और कुओं की साफ, सफाई एवं गहराई कराई गई। जिससे प्रतिदिन 8 लाख लीटर पानी नियमित मिलने लगा जिसे नियमित जल विभाग को दिया गया। शहरवासियों की जल की समस्या का काफी हद तक निवारण हुआ। क्षेत्र में शहर की झील, तालाबों को गहरा एवं साफ करवाया जिससे वर्षा का पानी लम्बे समय एवं प्रचुर मात्रा में एकत्रित करने में सहायक सिद्ध हुआ। इसके साथ ही डूंगरपुर शहर में पेयजल के लिए प्रमुख स्त्रोत डिमिया तालाब और एडवर्ड संबंध तालाब को गहरा करने का कार्य भी किया गया।

गुप्ता ने बताया कि वर्षा ऋतु में प्राप्त जल नालियों में बहकर व्यर्थ ही चला जाता था जिसका संचय करके वर्षा जल धरती में उतरने के लिए हार्वेस्टिंग सिस्टम से जोडने का निर्णय किया। शहर के 100 सरकारी बिल्डिंगों व 500 घरों को वाटर हार्वेस्टिंग से जोडने का कार्य तीव्र गति से किया। जिसमें छतों का वर्षा का पानी वाटर हार्वेस्टिंग के द्वारा बोरिंग से सीधा धरती में उतारा तथा एक साल में ही धरती के पानी का स्तर 20 फीट बढ़ गया एवं जो पानी का टीडीएस पहले 840 तक था वह घटकर 570 पर आ गया।


FORM No. CAA-2
Pursuant to Section 230 (3) and rule 6 and 7

**Company Application (CAA) No. 11 of 2024**

**M/s. Madhusudan Marbles Private Limited**
.......Applicant Company No. 1/Demerged Company
And
**M/s. Saket Power Private Limited.**
........Applicant Company No. 2/Resulting Company

**Notice and Advertisement of notice of the meeting of the unsecured creditors of the Demerged Company - M/s. Madhusudan Marbles Private Limited**

Notice is hereby given that by an order dated the 18 December, 2024, the Jaipur Bench of the National Company Law Tribunal has directed a meeting to be held of unsecured creditors of the said company for the purpose of considering, and if thought fit, approving with or without modification, the arrangement (in the nature of demerger) proposed to be made between the Applicant Companies and the unsecured creditors of the company aforesaid.

In pursuance of the said order and as directed therein further notice is hereby given that a meeting of the unsecured creditors of the said company will be held through video conference and other audio visual means at the registered office of the company at National Highway No. 8, Main Road, Sukher, Udaipur-313004, Rajasthan on Thursday 30th day of January, 2025 at 3 o'clock in the afternoon at which time and place the said unsecured creditors are requested to attend

Copies of the said arrangement (in the nature of demerger) and of the statement under section 230 can be obtained free of charge at the registered office of the company or at the office of its authorized representative Shri Kiran Shah at 608, Sakar-1, Near Gandhigram Railway Station, Ashram Road, Ahmedabad 380009, Gujarat. Persons entitled to attend and vote at the meeting, may vote in person or by proxy, provided that all proxies in the prescribed form are deposited at the registered office of the company not later than 48 hours before the meeting.

Forms of proxy can be had at the registered office of the Company.

The Tribunal has appointed Ms. Anubha Singh as chairperson of the said meeting. The above mentioned arrangement (in the nature of demerger), if approved by the meeting will be subject to the subsequent approval of the tribunal.

Dated this 26th day of December, 2024.

CA Kiran Shah
Authorised Representative
**M/s. Madhusudan Marbles Private Limited**


MARUTI SUZUKI ARENA
5 कारण जश्न मनाने के
GRAND ARENA MONTH
₹ 108 100 तक के शानदार ऑफ़र्स
₹ 15 000 तक के एक्सचेंज ऑफ़र्स
आपकी पुरानी कार की बेस्ट रीसेल वैल्यु
आकर्षक फाइनेंस विकल्प
मारुति सुज़ुकी जनवरी में कीमतों में बढ़ोतरी करेगी, मारुति सुज़ुकी कारों की कीमतों में 4% तक की बढ़ोतरी होगी।
MARUTI SUZUKI ARENA
ALTO K10
SWIFT
BREZZA
WAGONR
4 दिन शेष
ऑफ़र्स स्टॉक रहने तक मान्य
विशेष ऑफर
ALTO K10 ₹88 100* | SWIFT ₹108 100*
BREZZA ₹50 000* | WAGONR ₹78 000*
SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
T&C Apply Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. *Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. Offer valid with selected financiers only. Above offers are valid till 31st December, 2024.